


फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक - 12



कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की - 14

आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ · बरेली · कानपुर · मुरादाबाद · अयोध्या · हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 197, पृष्ठ 14 · मूल्य 6 रुपये

# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- शीर्ष सैन्य अधिकारी अहमद वाहिदी आईआरजीसी के नए कमांडर

दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। सरकारी टीवी ने कहा कि खामेनेई की अपने कार्यालय में हुई मौत दिखाती है कि वह लगातार जनता के बीच खड़े रहे और अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहे। ईरान सरकार ने खामेनेई की हत्या को बड़ा अपराध बताते हुए कहा कि यह घटना इस्लामी दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय लिखेगी। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा।

### इजराइल-अमेरिका के ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य ठिकानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत

इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया है। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजराइली हमलों का निशाना इराक का जुर्फ अल-सखर बेस भी बना जहां ईरान समर्थित 2 लड़ाकों की मौत हो गई। इस अभियान के दौरान 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं और 5 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल के अनुसार, ऑपरेशन रोरिंग लायन शुरू होने के बाद पहली बार तेहरान के शासकीय केंद्रो पर हमला किया जा रहा है। तेहरान से मिली खबरों के मुताबिक, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल और खाड़ी देशों को भी बनाया निशाना

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर ईरानी सेना ने चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ईरान ने कुल 165 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इसके अलावा 541 ड्रोन भी लॉन्च किए। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इस दौरान पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई जिसके बाद आपातकालीन सेवाएं सक्रिय होती नजर आईं। इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। ईरानी मिसाइल एक आवासीय क्षेत्र में गिरी, जिससे एक यहूदी उपासना स्थल नष्ट हो गया और आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

**ब्रिटेन के सैन्य ठिकानों की ओर भी दागीं मिसाइलें** : ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने बताया ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दौ सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। हीली ने कहा, हमें पूरा यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है।

### ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू



खामेनेई की मौत के विरोध में श्रीनगर में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

**नई दिल्ली।** खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

## ब्रीफ न्यूज

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

## काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## ईरान संकट : बदलती वैश्विक स्थिति के मद्देनजर बुलाई गई सीसीएस बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक बुलाई है जो रविवार देर रात होगी। कहा गया है कि यह बैठक अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर हमले के बाद पैदा हुई मौजूदा वैश्विक स्थिति और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के मद्देनजर बुलाई गई है।

बताया गया है कि प्रधानमंत्री राज्यों के अपने दो दिवसीय दौरे से दिल्ली लौटने के बाद सीसीएस की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह संभवतः रात लगभग साढ़े नौ बजे यहां पहुंचेंगे। सीसीएस देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है। प्रधानमंत्री सीसीएस के अध्यक्ष हैं तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसके सदस्य हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में पश्चिम एशिया में रहने वाले और फंसे हुए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा होने की संभावना है, साथ ही स्थिति बिगड़ने पर उससे निपटने के तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। फिलहाल, पश्चिम एशिया का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के कारण हवाई सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे सैकड़ों भारतीय दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं।



- पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा पर भी होगी चर्चा

## भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।



### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### दुबई हवाई अड्डे पर फंसीं पीवी सिंधु और मंचू विष्णु

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु, अभिनेता मंचू विष्णु के साथ और कई हस्तियां दुबई हवाई अड्डे पर फंसी हुई हैं। दोनों ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है। सिंधु तीन मार्च से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बर्मिंघम जा रही थीं, हवाई अड्डे का संचालन निलंबित होने के बाद दुबई में रुकने के लिए मजबूर हो गईं। उनके कोच इरवान्सिया आदि प्रतामा भी उनके साथ हैं। सिंधु ने कहा है कि वे जानलेवा स्थिति से बाल-बाल बचीं। पास में हुए एक विस्फोट और आकाश में मिसाइलों की आवाज का उन्होंने जिक्र किया है। कई और प्रमुख हस्तियां पश्चिम एशिया के हवाई अड्डों पर फंसी हुई हैं।

## नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया।



मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

## जेएनयू : प्रदर्शनकारियों की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हाल में हुए एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार 14 छात्रों की तत्काल रिहाई का रविवार को आदेश दिया।

अदालत ने 27 फरवरी को 14 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए कहा था कि पुलिसकर्मियों पर हमला करना गंभीर अपराध है, लेकिन आरोपी छात्र हैं और उन्हें अपना करियर बनाना है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश के तहत उनके दस्तावेजों और जमानत बॉण्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

**पुराना ताल्लुक** — किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

## अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।




# कैमिकल कलर से करें तौबा, नहीं तो पड़ जाएगा रंग में भंग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** रामनगरी में रंगभरी एकादशी से ही होली की शुरुआत हो चुकी है। रामलला के साथ फूल-गुलाल की होली खेली जा रही है, लेकिन इस रंगों के त्योहार में त्वचा संबंधी समस्याएं आम हो जाती हैं। खासकर कैमिकल युक्त सिंथेटिक रंगों के कारण। होली के बाद एलर्जिक रैशेज, खुजली, जलन, फंगल संक्रमण और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। 'अमृत विचार' ने इन्हीं समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने के लिए जिले के दो प्रतिष्ठित त्वचा रोग विशेषज्ञों से बातचीत की। पेश है खास रिपोर्ट।



**रंगों के त्योहार को लेकर त्वचा रोग विशेषज्ञों ने चेताया**

## सोरायसिस व मुंहासे वाले लोग बरतें सावधानी : डॉ. सौम्या



राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सौम्या शंखवार ने बताया कि होली खेलने से पहले त्वचा की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। शरीर पर मोटी परत में मॉइस्चराइजर, वेसलीन या नारियल तेल लगाएं। इससे रंग त्वचा में गहराई तक नहीं जाता और बाद में आसानी से निकल जाता है। बालों में भी तेल लगाकर टोपी या कपड़े से ढकें। केवल हर्बल या प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें, क्योंकि बाजार में मिलने वाले कई सस्ते रंगों में लेड, माइका, इंडस्ट्रियल डाई जैसे खतरनाक केमिकल होते हैं। संवेदनशील त्वचा, एक्जिमा, सोरायसिस या मुंहासों वाले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

## गंभीर स्थिति में लें विशेषज्ञों की सलाह: डॉ. पल्लवी



जिला अस्पताल की त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव के अनुसार होली के बाद कई मरीज कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस और फंगल इन्फेक्शन के साथ आते हैं। बचाव के लिए सनस्क्रीन लगाएं। फुल स्लीव कपड़े पहनें और धूप में ज्यादा देर न रहें। रंग लगने के बाद ठंडे पानी से 10-15 मिनट तक धोएं। स्क्रब न करें। यदि खुजली, लालिमा या सूजन हो तो तुरंत त्वचा विशेषज्ञ से संपर्क करें। घरेलू उपाय के रूप में एलोवेरा जेल या मॉइस्चराइजर लगाएं, लेकिन गंभीर स्थिति में डॉक्टर की सलाह लें। कहा कि होली का आनंद लें, लेकिन सुरक्षित तरीके से। प्राकृतिक रंग चुनें, पूर्व तैयारी करें और समस्या होने पर देरी न करें।

## गौर पूर्णिमा महोत्सव व फूलों की होली आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्री गौर पूर्णिमा के अवसर पर श्री गौरांग महाप्रभु का पावन अवतरण महोत्सव मंगलवार को रामनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। मंदिर के संत विनय भूषण प्रभु ने बताया कि इस मौके पर फूलों की होली का आयोजन भी किया जाएगा। मंदिर में शाम चार से पांच बजे तक कीर्तन, पांच बजे से छह बजे तक श्री गौरा कथा, छह बजे से साढ़े छह बजे तक महा अभिषेक, साढ़े छह से सात बजे तक 108 भोग अर्पण व आरती, सात बजे से साढ़े सात बजे तक फूलों की होली होगी। उसके बाद भक्तों को महा प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम की अनुमति रद्द

बीकापुर, अयोध्या

**अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के जलालपुर माफी के पास मैदान में पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू का रविवार को प्रस्तावित होली मिलन समारोह और कार्यकर्ता सम्मेलन नहीं हो सका। इसके लिए पूर्व में अनुमति पत्र मिला हुआ था।

आयोजक और समर्थक कार्यक्रम की तैयारी में कई दिनों से जुटे हुए थे। पुलिस प्रशासन की रिपोर्ट आख्या के बाद सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम को एक दिन पूर्व उप जिलाधिकारी द्वारा दी गई अनुमति पत्र रद्द कर दिया गया व कार्यक्रम के आयोजन पर रोक लगा दी गई। उपजिलाधिकारी श्रेया द्वारा बताया गया कि कोतवाली बीकापुर और सीओ द्वारा निरीक्षण और आख्या रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया गया कि आयोजक शुभम ओझा द्वारा कार्यक्रम में 700 लोगों के के शामिल होने को दर्शाया गया था। जबकि पता चला की संख्या अधिक रहेगी। जिले में धारा 144 भी लागू है। कार्यक्रम स्थल प्रयागराज हाईवे के किनारे होने के कारण तथा पार्किंग की व्यवस्था पर्याप्त न होने से दुर्घटना होने की भी आशंका जताई गई थी। इसके अलावा होली का त्यौहार होने के चलते पर्याप्त संख्या में पुलिस बल कार्यक्रम में न होने की भी बात बताई गई जिसके चलते अनुमति पत्र निरस्त किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रदेशीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 9 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रदेशीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 9 मार्च से डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होगी। सहायक शिक्षा निदेशक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि 25 वर्षों बाद अयोध्या जिले को प्रदेशीय प्रतियोगिता आयोजन का अवसर मिला है। प्रतियोगिता आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। प्रतियोगिता का समापन 11 मार्च को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, योग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, योगासन, जूडो, एथलेटिक्स, दौड़, रस्सीकूद, भाला फेंक, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं में बेसिक वर्ग के लगभग पांच हजार बालक व बालिकाएं खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

### जबरन मजदूरी करवाने व पीटने का आरोप



**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के सूरा सराय गांव निवासी रोहित, दुर्गेश, सुमित ,आदित्य आदि ग्रामीणों ने दबंगों पर उत्पीड़न करने, जबरन मजदूरी करवाने तथा मारने पीटने का आरोप लगाते हुए एसडीएम व कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि विपक्षी का खेत उनके गांव सूरा सराय में स्थित है। वह लोग पिछड़ी जाति के गरीब मजदूर व्यक्ति हैं। विपक्षी द्वारा आए दिन जबरन कार्य करवाने ,सहित अन्य उत्पीड़न किया जाता है। विपक्षी दबंग एवं प्रभावशाली होने के कारण उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती। एसडीएम श्रेया ने बताया कि कोतवाली पुलिस को जांच करके कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### युवती से अश्लील हरकत, केस दर्ज



**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** घर में घुसकर सोते समय युवती को परेशान करने और अश्लील हरकत करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला द्वारा बीकापुर कोतवाली को दी शिकायत में बताया गया कि उनके मायके में सिर्फ उनकी भतीजी है। उसके माता-पिता और भाई नहीं है। आरोप लगाया कि उनके गांव निवासी राज आए दिन भतीजी को परेशान करता है, 26 फरवरी की रात में करीब 3 :24 बजे आरोपी घर के अन्दर घुस गया। उनकी बड़ी भतीजी के साथ अश्लील हरकत की। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### हाईवे पर टूटी पुलिया से खतरा

**सोहावल, अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर जुबेरगंज सब्जी बाजार व मकसूमगंज के बीच बनी पुलिया लगभग छह महीनों से टूटी है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं हो सकी है। इससे राहगीरों को हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई बार पुलिया के चौड़ीकरण और मरम्मत की मांग की,लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मामले में हाईवे मेंटीनेंस मैनेजर विनोद मिश्रा ने बताया कि एनएचआई के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में बात रखी गई है, निर्माण कराने की प्रक्रिया चल रही है।

# जमीन के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**थाना गोसाईगंज के काजीपुर गाडर की घटना, बैनामा की जमीन पर कब्जा करने गया था युवक**

गोसाईगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गाजीपुर गाडर गांव में रविवार सुबह जमीन के विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने लाइसेंसी बंदूक व तमंचे से फायरिंग की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पिता व उनके तीन पुत्रों के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया है।

गाजीपुर गाडर निवासी सुनीता वर्मा पत्नी सुरेश कुमार ने छह फरवरी को अपनी हाईवे किनारे की भूमि यतेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र कुमार सिंह निवासी अंकारीपुर, थाना गोसाईगंज के नाम बैनामा की थी। यतेंद्र रविवार सुबह करीब 9:30 बजे अपने भाई भूपेंद्र के साथ उक्त भूमि पर कब्जा लेने के लिए गया था। वह भूमि का नाप करा रहा था। इसी दौरान चंद्रप्रकाश वर्मा उनके पुत्र आयुष वर्मा, चंद्रजीत वर्मा व अमित वर्मा उर्फ लकी निवासी गाजीपुर गाडर वहां पहुंचा। उसने यतेंद्र को कब्जा लेने से मना किया। इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान आरोपियों ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक व तमंचे से फायर करना शुरू कर दिया। इसमें दो गोली भूपेंद्र (35) के सीने में लगने से वो जमीन पर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी फरार हो गए। परिवारीजन तत्काल भूपेंद्र को लेकर दर्शननगर मेडिकल कॉलेज लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, थाना प्रभारी यादवेंद्र दुबे फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे व घटनास्थल की जांच की। अधिकारियों ने मृतक के परिवार के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। गोसाईगंज के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू भी मौके पर पहुंचे व पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



अंकारीपुर गांव में शव पहुंचने पर एकत्र भीड़। अमृत विचार



भूपेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

## पिता व उनके तीन बेटों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज



पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई से बातचीत करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

### चंद्र प्रकाश वर्मा के नाम है लाइसेंसी बंदूक

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान जिस लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग की गई व चंद्र प्रकाश वर्मा के नाम है। इसी बंदूक से उनके पुत्र लकी वर्मा ने पहले फायरिंग की। घटना में एक अवैध तमंचे से भी फायर किया गया। कुल छह राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। इनमें से दो गोली भूपेंद्र के सीने में लगी है। मृतक अविवाहित था। वह अपने माता-पिता व भाई के साथ रहता था और प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था।

### उक्त भूमि को लेकर चाचा से चल रहा था विवाद

जानकारी के अनुसार भूपेंद्र सिंह ने अपने भाई यतेंद्र सिंह के नाम पर काजीपुर गाड़र में मंडा-कोटवा बाईपास के पास गाटा संख्या 503 की भूमि सुनीता वर्मा पत्नी सुरेश कुमार निवासी गाजीपुर गाडर से खरीदी थी। आरोपी चंद्र प्रकाश वर्मा सुरेश का चाचा है। उसने जमीन बेचने का विरोध भी किया था। कहना था कि इस गाटा संख्या में कुछ भूमि उनकी भी है। नपाई कराने के दौरान इसको लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों से काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

> जमीन के विवाद में गोली चलने का मामले सामने आया है। इसमें भूपेंद्र की मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम तीन चिकित्सकों के पैनल व वीडियोग्राफी के साथ कराया गया है। मामले मृतक के भाई यतेंद्र की तहरीर पर चंद्र प्रकाश वर्मा उनके बेटे आयुष वर्मा, चंद्रजीत वर्मा व अमित वर्मा उर्फ लकी निवासी गाजीपुर गाडर के खिलाफ हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। ऐहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। **-बलवंत चौधरी, एसपी ग्रामीण।**

# पलटी गोल्फकार्ट, तीन श्रद्धालुओं का टूटा पैर

**● कोतवाली अयोध्या अंतर्गत धर्मपथ पर राम कथा संग्रहालय के पास हुई दुर्घटना**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या के नयाघाट चौकी अंतर्गत धर्मपथ पर स्थित राम कथा संग्रहालय के सामने एक गोल्फकार्ट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो लोग मामूली रूप से घायल हुए। गंभीर घायलों को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

गोल्फकार्ट नंबर-16 पांच रविवार सुबह 9 बजे राम कथा पार्क पार्किंग स्थल से पांच श्रद्धालुओं को लेकर राम मंदिर के लिए निकली थी। राम कथा संग्रहालय गेट के सामने से धर्मपथ पर उतरते समय गोल्फकार्ट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में तीन लोग वाहन के नीचे दब गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने किसी तरह वाहन को सीधा कर दबे लोगों को निकाला व इनमें श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। तीनों के पैर में कई जगह फ्रैक्चर हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को दर्शगनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दो अन्य मामूली रूप से घायल थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि घायलों की पहचान राजापुर तालाब जिला वाराणसी निवासी प्रशांत पटेल, कर्मवीर पटेल और अमन पटेल के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद गोल्फकार्ट चालक मौके से भाग गया। वाहन को सीज कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



धर्मपथ पर पलटी गोल्फकार्ट।

## युवक ने लगाई न्याय की गुहार

**सोहावल, अमृत विचार:** कारोबार का झांसा देकर पुलिस चौकी सत्ती चौरा क्षेत्र के सहजौरा गांव के युवक अमित कुमार को सऊदी अरब भेज दिया गया। वहां काम के बदले उत्पीड़न और पिटाई की गई। पीड़ित दलित युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर किसी तरह घर वापस लौट पाया। वीजा पासपोर्ट के नाम पर लिए गए 1.65 लाख रूपये की वापसी के लिए पीड़ित युवक ने उप जिलाधिकारी सोहावल से न्याय की गुहार की है। आरोप है गांव के मौलाना महताब आलम व गुड्डू ने मिलकर एक साजिश के तहत उसको फंसाया। रौनाही प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि चौकी प्रभारी मामले की विवेचना कर रहे हैं। आरोप सही मिलने पर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# जानलेवा हमला करने के मामले में तीन बरी

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** इनायत नगर थाना क्षेत्र में रास्ता बंद करने का विरोध करने पर घर में घुसकर लाठी डंडों से प्राणघातक हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दिलीप कुमार, मनोज कुमार व अमित सिंह पर अपराध सिद्ध न होने पर दोषमुक्त हो गये। यह फैसला तृतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम दास ने सुनवाई के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है।

यह मामला इनायतनगर थाना अन्तर्गत मीठेगांव का वर्ष 2012 का है। बचाव पक्ष से अधिवक्ता संजीव यादव ने तर्क दिया कि तीनों आरोपी निर्दोष हैं। रंजिश को लेकर फर्जी फंसाया गया है। वादिनी विमला व गवाह सतीश कुमार के बयानों में भारी विरोधाभास है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 30 जुलाई 2012 की सुबह 9.30 बजे मीठे गांव में विपक्षियों ने लकड़ी के बोटे रखकर विमला देवी का रास्ता बंद कर दिया था। इसका विरोध करने पर विमला देवी के घर में घुसकर लाठी डंडा से लैस तीनों लोगों ने हमला कर दिया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। घटना की रिपोर्ट चोटहिल विमला देवी की तहरीर पर थाना इनायतनगर में दिलीप कुमार, मनोज कुमार व अमित सिंह के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

## मेडिकल कॉलेज में चल रहा अनाधिकृत निर्माण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** विद्युत अनुरक्षण विभाग के प्रभारी राजेश कुमार ने दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखकर कॉलेज परिसर में विद्युत उपकेंद्र के निकट कुछ लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से निर्माण करने की जानकारी दी हैं। कहा कि यह निर्माण विद्युत उपकेंद्र के बहुत निकट हो रहा है, जो सुरक्षा मानकों के विरुद्ध है। इससे विद्युत सुरक्षा को खतरा है।अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि यह निर्माण जारी रहा तो विद्युत दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है, जिससे महाविद्यालय के मरीजों, स्टाफ और संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। उपकेंद्र की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है।आपात स्थिति में बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है। उन्होंने अनुरोध किया है कि अनधिकृत निर्माण को रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**● विद्युत अनुरक्षण विभाग के प्रभारी ने प्राचार्य को भेजा पत्र**

# प्रयागराज से पहुंचीं दवाओं की खेप, फार्मासिस्ट के पत्र के फैली सनसनी

**● मेडिकल कॉलेज में 139 बॉक्स में पहुंचीं दवाओं से फार्मासिस्ट ने झाड़ा पल्ला**
**● घंटों बनी रही पहेली, 24 घंटे बाद जारी हुआ फार्मासिस्ट का खंडन वाला पत्र**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में दवाओं की आपूर्ति को लेकर एक अजब-गजब ही नहीं हास्यास्पद और संदेहास्पद मामला सामने आया है। प्रयागराज से यहां पहुंची दवाओं की बड़ी खेप को लेकर पहले तो केन्द्रीय औषधि भंडार के फार्मासिस्ट ने पल्ला झाड़ लिया। घंटों चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद बैकफुट पर आए फार्मासिस्ट ने आनन फानन एक और पत्र जारी कर दिया। ''अमृत विचार'' ने जब मामले की छानबीन की और छुट्टी पर गए कार्यवाहक प्राचार्य से पूछा तब राज खुला की दवाओं की आपूर्ति की डिमांड उनके द्वारा ही की गई थी।

मेडिकल कॉलेज के फार्मासिस्ट योगेश चंद्र मिश्र ने प्रभारी अधिकारी को पत्र लिखा कि केंद्रीय औषधि भंडार में कुशवाहा आरपी बीटूबीआरसी 344 बीएचएस अल्लापुर, इलाहाबाद के द्वारा 139 बॉक्स का विवरण मिला है। डिलीवरी चालान के अनुसार प्राप्तकर्ता का नाम चीफ फार्मासिस्ट/स्टोर इंचार्ज राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अंकित है, जबकि ऐसा कोई भी ऑर्डर चीफ फार्मासिस्ट/स्टोर इंचार्ज के तरफ से नहीं दिया गया है। प्राप्त बॉक्स का डिटेल स्टेटर या ऑर्डर कॉपी या बिल इनवॉइस का कोई पेपर नहीं प्राप्त हुआ है। इस संदर्भ में अग्रिम कार्रवाई हेतु सूचना दी जा रही है। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। इसके बाद तो तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा। दवाओं के अवैध होने की चर्चाएं चलने लगीं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की किरकिरी शुरू हो गई। 24 घंटे बाद ही 28 फरवरी को फार्मासिस्ट योगेश का दूसरा और कथित पत्र वायरल होता है। केंद्रीय औषधि भंडार के प्रभारी अधिकारी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि 27 को मेरे द्वारा जारी किए गए पत्र में जो जानकारी दी गई थी। वह भ्रामक स्थिति उत्पन्न होने के कारण दी गई थी। पूर्व में दिए गए पत्र का वर्तमान में कोई महत्व नहीं है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया ने बताया कि होली पर लगातार छुट्टियां पड़ रही हैं। इसी कारण यह दवाएं हमने मंगाई है। यह दवाएं सीधा फर्म से नियमानुसार मंगाई गई हैं। इसमें जनरल मेडिसिन हैं।



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।



फार्मासिस्ट की ओर से जारी किया गया पत्र।

### पत्र में आपूर्ति की अलग-अलग तिथियों का जिक्र

21 जनवरी 2026 : 01 बॉक्स
11 फरवरी 2026 : 28 बॉक्स
16 फरवरी 2026 : 30 बॉक्स
25 फरवरी 2026 : 80 बॉक्स

### कक्ष संख्या 10 में रखे बॉक्स का वीडियो वायरल

मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन के कमरा नंबर 10 में कुछ बॉक्स को देखते हुए कर्मचारियों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल खबरों के मुताबिक कमरा नंबर 10 में रखी दवाओं का न बिल बाउचर है और न ही किसी लैब से टेस्टेड हैं। दवाइयों पर गवर्नमेंट सप्लाई नॉट फॉर सेल की मुहर भी नहीं लगी है। हालांकि ''अमृत विचार'' इस संबंध में वायरल किसी भी तथ्य की पुष्टि नहीं करता है।

**आयोजन** | काशी के पंडित गणेश्वर शास्त्री के साथ 51 आचार्य करेंगे अनुष्ठान

# अभिजीत मुहूर्त में होगी श्रीराम महायंत्र की स्थापना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** नव संवत्सर व चैत्र शुक्ल नवरात्र प्रतिपदा 19 मार्च को राम मंदिर में भव्य आयोजन के साथ एक दिवसीय श्रीराम महायंत्र स्थापना अनुष्ठान संपन्न होगा। जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पहुंच रही हैं। इसके लिये परिसर को फूलों से सजाए जाने की तैयारी है।

राममंदिर के द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम महायंत्र की स्थापना के लिए काशी के विद्वान ज्योतिषाचार्य पद्मभूषण पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ अयोध्या और काशी के 51 आचार्य की टोली के साथ इस कार्य को संपन्न करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 6 बजे से प्रारंभ होकर अभिजीत मुहूर्त में यंत्र की स्थापना की जाएगी। इसके बाद हवन-कुंड में आहुति देते हुए अनुष्ठान पूर्ण होगा। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लगभग डेढ़ घंटे वहां पर रहेंगी।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि 19 मार्च के कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही हैं। समय से पूर्व सभी कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान पूरे परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा, फूलों के गेट बनाए जाएंगे। अब बहुत ही भव्यता के साथ महामहिम राष्ट्रपति महोदय का स्वागत होगा। मंदिर परिसर में अनुष्ठान का कार्यक्रम होगा।वहीं इस मंदिर निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले वर्करों को भी सम्मानित किया जाएगा।



राममंदिर के दूसरे तल पर सजा राम दरबार।

### चैत्र शुक्ल नवरात्र के प्रतिपदा से प्रारंभ होगा नव दिवसीय अनुष्ठान

चैत्र शुक्ल नवरात्र को लेकर राम मंदिर नव दिवस या अनुष्ठान भी किया जाएगा। पहले दिन कलश स्थापना के साथ नवाह पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ समेत अन्य आयोजन किए जायेंगे। इसके अलावा विविध ग्रंथों के पारायण एवं हवन-पूजन किया जाएगा। इसमें हर दिन अलग-अलग आचार्य के शामिल होने के लिए उत्तर-दक्षिण के विद्वान आचार्यों को आमंत्रित किया गया है। यह अनुष्ठान पेजावर पीठाधीश्वर जगतगुरु माधवाचार्य स्वामी विश्व प्रसन्न तीर्थ के निर्देशन में संपन्न होगा।




## इनरव्हील क्लब ने मनाया होली उत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद से रघुकुल सदन में चेयरमैन विज़िट और होली उत्सव का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिय नारायण ने अध्यक्ष निशा गोयल, सचिव रेनू रस्तोगी, कोषाध्यक्ष ऋचा कौशल, आईएसओ नीता आचार्य और कॉरेस्पॉन्डेंट मोनिका अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों की फाइलों को देखा। कार्यक्रम में कैलिपर्स वितरण, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग, पाटेश्वरी देवी मंदिर में चार बेंचों का उद्घाटन और सरस्वती शिशु मंदिर में नर्सरी कक्ष का उद्घाटन किया। रत्ना केवलानी, डिम्पल बंसल, तन्वी बंसल, दीप्ति व ममता सिंह से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पीडीसी नुसरत राशिद, जोनल हेड रीता खत्री, को-ऑर्डिनेटर स्नेहलता अग्रवाल और स्वाति टंडन सहित क्लब की सदस्य मौजूद रही। संचालन प्रो. मीनू दुबे ने किया। पूर्व अध्यक्ष एकता अग्रवाल ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला।

# जिले में 2195 स्थानों पर आज होगा होलिका दहन

## सबसे ऊंची होलिका बनाने में जुटे युवा, चंदा मांगने निकल रहीं टोलियां

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार।** अयोध्या में होली का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। फाल्गुन पूर्णिमा पर आज सोमवार को जिले में 2195 स्थानों पर होलिका दहन होगा। यह संख्या जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जुड़ी है, जिसमें नगर कोतवाली क्षेत्र में 207, कोतवाली अयोध्या में 113, कैंट थाना में 78, कुमारगंज में 91, खण्डासा में 92 और इनायत नगर में 120 स्थान शामिल हैं। शेष अन्य ग्रामीण व शहरी इलाकों में बंटे हुए हैं।

होलिका दहन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। युवा विशेष रूप से सबसे ऊंची होलिका बनाने में जुटे हैं। कई मोहल्लों और गांवों में युवा समूह लकड़ियां, उपले और पुरानी सामग्री इकट्ठा कर रेड़ गाड़ियों से ढोकर विशाल संरचनाएं तैयार कर रहे हैं। कुछ जगहों पर 20-25 फीट तक ऊंची होलिकाएं बनाने की होड़ लगी है, जो परंपरा के साथ उत्साह का प्रतीक बन रही हैं।

चंदा मांगने वाली टोलियां घर-घर जाकर दान इकट्ठा कर रही हैं। ये टोलियां लकड़ी, गुड़, चावल, फूल और अन्य सामग्री के लिए चंदा जुटा रही हैं। स्थानीय लोग उत्साह से योगदान दे रहे हैं, क्योंकि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। वैदिक मंत्रों के साथ पूजा-अर्चना के बाद शाम को होलिका जलाई जाएगी।



तेली टोला में होलिका दहन के लिए गाड़ी गई रेड़।

### सर्राफा व्यापारियों की मशहूर होली कल

शहर के चौक इलाके में परंपरागत रूप से मनाई जाने वाली होली मंगलवार को खेली जाएगी। सुबह 11 से 1:30 बजे तक व्यापारी व बच्चे हर आने जाने वाले को रंगों से सरोबार करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है, टैंकर, रंग आदि का इंतजाम कर लिया गया है। आयोजक मंडल के गोविंद अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को चंद्रग्रहण से पूर्व यह आयोजन खत्म हो जाएगा। आयोजकों में बालकृष्ण अग्रवाल, हिमांशु कंसल, संजय अग्रवाल, पवप अग्रवाल समेत अन्य व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## श्रद्धालुओं से की अभद्रता तो जा सकते हैं जेल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** होली में नशे में हुड़दंग मचाने वालों की खिदमत करने के लिए पुलिस तैयार है। किसी भी प्रकार की अराजकता की सूचना पर पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम पांच मिनट में मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगी। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता करने की शिकायत पर कानूनी कार्रवाई भी करने की तैयारी है। अयोध्या धाम में पुलिस तीसरी आंख से हर कोने पर नजर रखेगी। विशेष रूप से रामपथ, जैन मंदिर तिराहा, दंतधावन कुंड मार्ग और हनुमानगढ़ी चौराहे जैसे संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रहेगी। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल मौके पर पहुंच कार्रवाई करेगा। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि होली के नाम पर कोई भी हुड़दंग या अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति राम भक्तों या श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता करता है, उन्हें गाली-गलौज करता है या अनुचित व्यवहार करता है, तो ऐसे लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जा सकता है।



भदरसा बाजार में पैदल गश्त करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

- **रामपथ, जैन मंदिर तिराहा, दंतधावन कुंड मार्ग, हनुमानगढ़ी चौराहे पर रहेगी तीसरी आंख की नजर**

पर्व नजदीक आते ही पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। विशेषकर संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में वरिष्ठ अधिकारी अर्धसैनिक बलों के साथ गश्त कर रहे हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार को सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, थाना पूराकलंदर प्रभारी मनोज कुमार शर्मा व अर्धसैनिक बलों के साथ भदरसा व अयोध्या शहर में पैदल गश्त किया। चौकी प्रभारी, बीट दारोगा व सिपाही भी लगातार गश्त कर अपने अपने इलाके में गश्त कर नजर रखेंगे। बिना अनुमति किसी प्रकार का जुलूस या अन्य कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक लगाई गई है। नशे में धुत होकर सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने की तैयारी है।

> होली में हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। हर थाने में क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है। जो मौके पर पांच मिनट में पहुंचकर कार्रवाई करेगी। सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिस व होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। लोगों से अपील है कि वह आपसी भाईचारा कायम रखते हुए त्योहार मनाए। –चक्रपाणि त्रिपाठी, एसपी सिटी।



रुदौली में आयोजित सतरंगी महोत्सव में गायिका को सम्मानित करते हुए आयोजक।



रुदौली के सतरंगी महोत्सव में उमडा श्याम प्रेमियों का सैलाब। अमृत विचार

## भक्तों ने जमकर खेली श्याम बाबा से होली

**भेलसर, अयोध्या अमृत विचार :** दानी होकर क्यों चुप बैठा ये कैसी दातारी रे..., जैसे मनमोहक भजनों के बीच बाबा श्याम के चरणों में श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल द्वारा आयोजित श्री श्याम सतरंगी महोत्सव में भक्तों ने श्याम प्रभु के साथ जमकर होली खेली। श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल द्वारा तीसरे सतरंगी महोत्सव में शनिवार रात भजन संध्या की शुरुआत रोहित कौशल ने गणेश वंदना के साथकी। उसके बाद संदीप कौशल ने बालाजी महाराज का आह्वान किया। भजन गायिका दीपिका मिश्रा ने साजने का है शौकीन, कीर्तन की है रात..., जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल में उपस्थित श्याम प्रेमियों को भावों से भर दिया। भजन प्रवाहक श्रवण सुल्तानपुरी ने भाव से भरे भजनों को गाकर उपस्थित श्याम प्रेमियों की आंखें नम कर दीं। बाबा श्याम को 56 भोग, बुंदिया, लड्डू, पेड़ा, चूरमा, खीर व फलों का भोग चढ़ाया गया। शैलेंद्र शर्मा ने मण्डल की तरफ से आए हुए सभी भक्तों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मण्डल के पंकज कुमार आर्य, राहुल गुप्ता, मुकेश श्रीवास्तव, सूरज सोनी, विनोद कसौधन, नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

## रंगोत्सव में रंगों संग हुई कविताओं की बौछार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कला मंच अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित रंगोत्सव व पूर्व कार्यकर्ता स्नेह मिलन एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम अभाविप कार्यालय, बेनीगंज स्थित केशव पार्क में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महानगर संघचालक विक्रमा प्रसाद पांडेय, हनुमानगढ़ी महंत महेश योगी, राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत सहसंयोजक उत्कर्ष पांडेय, विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी तथा महानगर मंत्री जयश्री रावत ने स्वामी विवेकानंद और ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन में प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से माहौल को रंगीन बना दिया। दुर्गेश पांडेय 'दुर्लभ' और कवयित्री अंकिता तिवारी ने –खूब होली मनाई यारों संग, अब की बाबा संग होली मना लेना... जैसी रचनाओं से होली के वासंतिक अनुभवों को जीवंत किया। कवयित्री सुनीता पाठक ने प्रेम, सद्भावना और समरसता का संदेश दिया, जबकि कल्पना तिवारी की हास्य–व्यंग्यपूर्ण रचनाओं से श्रोता लोट–पोट हो उठे। शिवानी सिंह ने–रहे ना रंग से वंचित कोई, इस बार होली में आओ करें हम रंग की बौछार... से उत्साह बढ़ाया। वेद प्रकाश प्रचंड ने श्रृंगार रस की कविता से चार चांद लगाए, शैलेन्द्र पांडे 'मासूम' ने होली के रंग में रंगी रचना से समां बांधा तथा नैंसी जायसवाल ने हास्य रस से मनोरंजन किया। सभी प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने तालियों से खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन गायक अवध रत्न मोहन शास्त्री तथा आस्था तिवारी के श्री जानकीवल्लभो म्यूजिकल ग्रुप ने भक्ति संगीत से माहौल को दिव्य बनाया। संचालन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राघवेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, हनुमानगढ़ी महंत महेश योगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, व्यवसायी विनोद, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवम सिंह आदि शामिल हुए।

# पूर्व विधायक-एसडीएम की नोकझोंक का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक गोरखनाथ और मिल्कीपुर एसडीएम सुधीर कुमार के बीच नोंकझोक का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पूर्व विधायक एसडीएम को फटकार लगाते सुने जा सकते हैं। हालांकि 'अमृत विचार' इस ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है और जांच की मांग की जा रही है।

पूर्व विधायक और एसडीएम के बीच वायरल वीडियो में पूर्व विधायक ने क्षेत्र के सूरापुर के आंगनाबाड़ी भवन निर्माण को लेकर बात शुरू की। तेवर तल्ख हुए तो तीखी नोक-झोंक की। गाली तक की आवाज वीडियो में सुनाई पड़ रही है। एसडीएम को फटकार लगाते सुनाई दे रहे हैं।

- **गाली तक उतरे पूर्व विधायक एसडीएम लगे रहे शांत करने में**

वीडियों में पूर्व विधायक का बोलते सुना गया कि वह एसडीएम से कह रहे हैं कि एसडीएम साहब आप हमको बहुत हल्के में लेकर बैठे हैं। आप हमारी कुंडली के बारे में ठीक से जानते नहीं है। सरकारी विधायक आपको बचा लेगा लेकिन कोई बचा नहीं पाएगा। सूरापुर की आंगनबाड़ी केंद्र की बात की। एसडीएम शांत करने की कोशिश करते हैं लेकिन पूर्व विधायक ने कहा कि आप हमको अंडर स्टीमेट कर रहे हैं। हम आकर वहीं कार्यालय में बैठ जाएंगे। किसकी हैसियत है। हमारे साथ ज्यादा जनता खड़ी है। बीच-बीच में एसडीएम की आवाज सुनाई पड़ती है। लेकिन वह भड़के रहे। कहा कि हमारे साथ रहने के कारण पैरवी करने वाले लड़के के खिलाफ रिपोर्ट लिख दी गई। उन्होंने कई काम की भी चर्चा की। बोले कि एक लेखपाल को भी हमारे कहने से नहीं बदला। एक काम नहीं किया। कार्यकर्ता किसी प्रताप की भी चर्चा आई। कई अन्य बातें भी हैं। एसडीएम सुधीर कुमार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



मेधावी छात्रा साक्षी सिंह को सम्मानित करते सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के पदाधिकारी।

## मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**पूराबाजार, अमृत विचार :** सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के तत्वावधान में नारा की रहने वाली मेधावी छात्रा साक्षी सिंह को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि मेधावी छात्रा को सम्मानित करने का उद्देश्य है कि इससे प्रेरित होकर अन्य छात्र–छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। कोषाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज की छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति कार्य कर रही है। महामंत्री लाल साहब सिंह ने साक्षी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जंग बहादुर सिंह व रणधीर सिंह, संतोष सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद गोपाल सिंह, प्रधान रमेश सिंह, भाजपा के ब्लॉक महामंत्री संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## महान समाज सुधारक थे संत गाडगे : देवमणि कनौजिया

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड मिल्कीपुर के खिहारन ग्राम पंचायत स्थित अंधी अंधा श्रवण आश्रम में रविवार को संत गाडगे जयंती समारोह एवं समाज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. देवमणि कनौजिया ने संत गाडगे बाबा को महान समाज सुधारक और स्वच्छता का प्रतीक बताया। कहा कि संत गाडगे जहां भी जाते थे, वहां स्वच्छता का संदेश देते थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि अंबुजनिधि कनौजिया ने समाज के लोगों से शराब और मांसाहार त्याग कर इन पर खर्च होने वाले पैसे को बच्चों की शिक्षा पर लगाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी लाल चन्द्र चौरसिया ने किया, जबकि अध्यक्षता राम उजागिर कनौजिया ने किया। इकार्यक्रम को रामभोर कनौजिया, बैजनाथ कनौजिया, ज्ञानचंद कनौजिया, सभाराज मौर्य, रामराज बौद्ध सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।



राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल रहे बच्चे प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी व शिक्षकों के साथ।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हो बढ़ाया मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कम्पोजिट विद्यालय जरही मया के चार छात्रों ने सफलता हासिल कर विद्यालय व जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि अभ्यास और प्रयास से ही सफलता हासिल होती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम व शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में कम्पोजिट विद्यालय जरही, मया के विद्यार्थियों तेजस कनौजिया ने 119 अंक, शिवम ने 117, सिद्धि गुप्ता ने 117 व सलोनी ने 115 अंकों के साथ सफलता दर्ज कर अपने माता –पिता व विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी, शिक्षिका सारिका राय, शर्मिला जायसवाल व दीप कुमार ने बच्चों को बधाई दी।



फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करते राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव व अन्य। अमृत विचार

## पढ़ाई के साथ खेल का भी महत्व : सुरेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पढ़ाई के साथ–साथ खेल का भी अत्यंत महत्व है। जब युवा खेल गतिविधियों में भाग लेते हैं तो वे शारीरिक रूप से फिट रहते हैं और स्वस्थ शरीर से पढ़ाई में भी मन लगता है। ये बातें रविवार को समाज सेवी संस्थान अयोध्या धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहीं।

- **बोले, समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन**

वह राजा दशरथ समाधि स्थल पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजा दशरथ समाधि स्थल पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों में आपसी भाईचारा और एकता की भावना मजबूत होगी। उद्घाटन के बाद उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। इससे पूर्व उन्होंने समाधि स्थल स्थित मंदिर में विधि–विधान से दर्शन–पूजन किया। आज खेले गए पहले मैच में अयोध्या और पूराबाजार की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मैच पांच मार्च को खेला जाएगा। कार्यक्रम में राजा दशरथ समाधि स्थल मंदिर के पुजारी संदीपदास महराज, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार मांझी, आयोजक अर्जुन, राम सिंह, सोमई निषाद सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 664 रोजगार सेवकों की होली फीकी, नहीं मिला मानदेय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मनरेगा, एसआईआर, विकास मं भागीदारी निभाने वाले जिले के लगभग 664 रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं मिला। मानदेय पांच से लेकर 18 महीने तक बकाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मचारियों को होली के पहले वेतन दिए जाने का निर्देश दिया, लेकिन रोजगार सेवकों की होली फीकी रहने के आसार हैं।

जिले के तारुन ब्लॉक में 10 माह, सोहावल में छह माह, मया बाजार में छह माह, पूराबाजार में पांच माह, मसौधा के 48 में 24 को दो माह मानदेय मिला तो 18 महीने का बकाया है। अन्य 24 को सात महीने का मानदेय मिला, लेकिन आठ महीने का बकाया है। बीकापुर में छह माह, हैरिंग्टनगंज छह महीने, मिल्कीपुर में सात माह, अमानीगंज में छह माह, रुदौली तीन माह और मवई में छह माह का मानदेय बकाया है।

- **पांच से 18 महीने तक का मानदेय बकाया**

जिला महामंत्री सोनू आजाद ने बताया कि ब्लॉकों में एपीओ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायकों का मानदेय तो जनवरी 2026 तक भुगतान कर दिया गया है, लेकिन रोजगर सेवकों को नहीं। संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामू निषाद, शैलेन्द्र तिवारी, आदित्य पांडेय, अनूप सिंह ने कहा कि एक तो अल्प मानदेय ऊपर से भुगतान भी समय पर नहीं मिलता, परिवार का पालन कैंसे होगा। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री संविदा कर्मियों को होली के पूर्व मानदेय देने का निर्देश देते हैं, लेकिन रोजगार सेवकों को अब तक मानदेय नहीं मिला। होली फीकी रहने के आसार हैं।

### लेखपाल व कानून-गो को भी नहीं मिला वेतन

**बड़ागांव, अमृत विचार :** होली पर तहसील सोहावल के 35 लेखपालों और सात राजस्व निरीक्षकों को फरवरी की बात छोड़िए अभी जनवरी का भी वेतन नहीं मिला है। राजस्व निरीक्षक शोभा राम यादव ने प्रशासन से तत्काल वेतन निर्गत करने की मांग की है। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष सुशील कुमार ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि एसआईआर ड्यूटी में लापरवाही के चलते शायद कुछ लेखपालों के वेतन रोकने के आदेश एसडीएम ने दिए थे लेकिन पता नहीं कैसे सभी लेखपालों का वेतन दो माह से रुका है। सुशील ने सभी लेखपालों का वेतन तुरंत दिलाने की मांग की है। एसडीएम सविता राजपूत ने बताया की फरवरी महीने का वेतन इनकम टैक्स का प्रपत्र भरने के बाद ही मिलता है। यह प्रतिवर्ष का काम है। जनवरी माह का वेतन जिले से निर्गत हो गया है, शीघ्र ही सभी कर्मचारियों को वेतन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## हेड कांस्टेबल किरन को मिला जीवनदान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** वाराणसी के गोसाईपुर थाना चोलापुर की निवासी महिला हेड कांस्टेबल किरन पाल (46) को रविवार भोर में अचानक सीने में तेज दर्द, घबराहट और अत्यधिक पसीना आने लगा। यहां तारापुर रजौली स्थित उनके आवास पर तबियत बिगड़ते ही उनके पति कन्हैया प्रसाद उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. वीरेन्द्र वर्मा ने जांच शुरू की और ईसीजी कराया। जांच में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। डॉ. वर्मा ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की स्टेमी केयर यूनिट से संपर्क किया और आवश्यक परामर्श के बाद टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन दिया। त्वरित उपचार से किरन की जान बच गई। कन्हैया लाल ने बताया कि उनकी पत्नी की तैनाती हनुमानगढ़ी पर है। डॉ. वर्मा ने बताया कि सीने में दर्द या घबराहट जैसे लक्षण दिखने पर मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए, ताकि समय रहते उपचार देकर जान बचाई जा सके।



महिला हेड कांस्टेबल का उपचार करते डॉ. वीरेंद्र वर्मा।


**सरदार पटेल महाविद्यालय, बडागाँव जलालपुर अम्बेडकर नगर**

अभिसम्बध्द - डॉ राम मनोहर लोहिया अवध वि० विद्यालय अयोध्या

आवश्यकता

महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्रवक्ता B.A. संस्कृत एवं अर्थशास्त्र एक एक पद M.A. प्रवक्ता संस्कृत एक पद एवं बी0एड0 एक पद की आवश्यकता है।

**योग्यता** – यू जी सी / डॉ राम मनोहर लोहिया अ0वि0वि0 की परिनियमावली के अनुसार वेतन विश्वविद्यालय उ0प्र0 सरकार के मानक के अनुसार आवेदन पत्र दो प्रतियों में योग्यता आदि के विवरण तथा आवश्यक संलग्नको एवं अपनी फोटो सहित विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं के माध्यम से प्रेषित करें।

**विनोद कुमार वर्मा**
**प्रबंधक**



**माँ वैष्णों देवी नकछेद तिवारी लॉ इंस्टीट्यूट,** कोटिया, अयोध्या, उ0प्र0

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उ0प्र0।

**में आवश्यकता है :–**

स्नातक स्तर पर **विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता– 9 पद**

योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक**
**मो0नं0–9452850900**


# जिला अस्पताल में रेडियम बोर्ड बताएंगे मरीजों को रास्ता

**कवायद** | **पर्चा काउंटर से लेकर दवा स्टोर और हर एक ओपीडी के बाहर लग रहे बोर्ड**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में अब मरीजों के लिए रेडियम बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जो उनको पर्चा काउंटर, दवा स्टोर, विभिन्न ओपीडी और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक आसानी से पहुंचने में मदद करेंगे। यह पहल मुख्य रूप से उन गरीब और कम पढ़े-लिखे मरीजों के लिए की गई है, जो रोज अस्पताल पहुंचकर भटकते रहते थे।

212 बेड वाले जिला अस्पताल में रोज औसतन करीब 1000 मरीज ओपीडी में आते हैं। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत मरीज ग्रामीण इलाकों से होते हैं। जिनमें बुजुर्ग व कम शिक्षित अधिक होते हैं। पहले ये मरीज पूछताछ करके ही पर्चा काउंटर, दवा काउंटर या जनरल मेडिसिन, सर्जरी जैसी ओपीडी तक पहुंच पाते थे, इससे उन्हें काफी परेशानी होती थी। समय बर्बाद होता था और कई बार गलत जगह पहुंचकर परेशान भी होते थे। इस समस्या को गंभीरता से लिया गया और एक बड़ी पहल की। अस्पताल के हर महत्वपूर्ण स्थान पर दिशा-निर्देशक बोर्ड लगवाने का फैसला किया। ये बोर्ड चौड़े व एक फिट लंबे हैं और रेडियम से बने हैं। रेडियम बोर्ड की सबसे खास बात यह है कि ये अंधेरे में भी चमकते हैं और आसानी से दिखाई देते हैं। इससे शाम या रात के समय आने वाले मरीजों को भी कोई दिक्कत नहीं होगी। बताया जाता है कि यह सुविधा लगभग सभी जिला अस्पतालों में पहले से लागू हो चुकी है, लेकिन अयोध्या में कुछ देरी हो गई थी। अस्पताल प्रबंधक राजेंद्र तिवारी बताते हैं कि दो से तीन दिन में हर जगह बोर्ड लग जाएंगे।



ओपीडी के बाहर बोर्ड लगाने का कार्य आरंभ कर दिया गया है।

### बोर्ड पर निर्देश के साथ तीर

बोर्ड मुख्य रूप से उन जगहों पर लगाए जा रहे हैं जहां मरीजों को सबसे ज्यादा मुश्किल होती थी। जैसे पर्चा काउंटर (रजिस्ट्रेशन काउंटर), दवा वितरण काउंटर, जनरल मेडिसिन ओपीडी सर्जरी ओपीडी, बाल रोग, नेत्र, ईएनटी आदि जगहों पर ऐसे बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इन बोर्डों पर बड़े–बड़े अक्षरों में हिंदी में स्पष्ट निर्देश लिखे गए। साथ ही तीरों और सैंपल चित्रों का भी इस्तेमाल किया गया है ताकि पढ़ना न आने वाले मरीज भी आसानी से समझ सकें।

> रेडियम बोर्ड लगने से मरीजों का समय बचेगा। भटकने की समस्या खत्म होगी और ओपीडी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए यह राहत भरा कदम साबित होगा। इसके साथ ही अस्पताल प्रशासन को एनक्वास प्रमाण पत्र भी मिल जाएगा। –डॉ. अजय चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल




मिस्टर और मिस फ्रेशर मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज गोयल, प्रबंधक राजन यादव एवं प्रशासक सत्यप्रकाश मिश्र।

## राजन व आकाश मिस्टर और अंशु व तनु मिस फ्रेशर्स बने

**अयोध्या, अमृत विचार :** गंडई, खजुराहट स्थित जी.एस. कॉलेज ऑफ़ लॉ में रविवार को फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बीएएलएलबी के राजन तिवारी व एलएलबी के छात्र आकाश सिह मिस्टर फ्रेशर और बीएएलएलबी की अंशु व एलएलबी की छात्रा तनु सिंह मिस फ्रेशर चुनीं गई। महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज गोयल, प्रबंधक राजन यादव एवं प्रशासक सत्य प्रकाश मिश्र ने विजेताओं को परस्कार दिया। कार्यक्रम में एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय एवं पँचवर्षीय) के प्रथम सेमेस्टर के छात्र –छात्राओं ने सहभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमई सुंदरकांड एवं भोजन प्रसाद वितरण के साथ हुई। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।


**दया अवध लॉ कालेज, मोहम्मदपुर,** अमानीगंज, अयोध्या उ0प्र0

सम्बद्ध : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या उ0प्र0।

**में आवश्यकता है :–**

स्नातक स्तर पर **विधि संकाय के अन्तर्गत एल0एल0बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य 01 पद तथा एल0एल0बी0 प्रवक्ता 9 पद**

योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**प्रबन्धक**
**मो0नं0–9452322812**

# खामनेई की शहादत पर बरसे आंसू, शियों ने निकाला जुलूस

## घरों और मस्जिद - इमामबाड़ों पर लगे काले झंडे, तीन दिन तक शोक की घोषणा

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** ईरान के सुप्रीम लीडर शिया समुदाय के रहबर अयातुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामनेई की शहादत पर शिया समुदाय गम और गुस्से में डूब गया है। तीन दिन के शोक की घोषणा करते हुए शिया समुदाय ने रविवार रात ऐतिहासिक इमामबाड़ा जवाहर अली खां से चौक घंटाघर तक मौन जुलूस निकाल कर अपने गम का इजहार किया।अमेरिका और इजराइल के विरुद्ध तीखा आक्रोश व्यक्त किया। इसके साथ ही घरों और इमामबाड़ों में काले झंडे लगाते हुए शोक मनाना शुरु कर दिया है। उलेमाओं ने खामनेई की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका और इजरायल जैसे मुल्क आलम-ए-इंसानियत के दुश्मन हैं।

शहर की सभी अंजुमनों और उलेमाओं की ओर से एहतेजाजी जुलूस का ऐलान किया गया था। यह मौन जुलूस इमामबाड़ा जवाहर अली ख़ां से शुरू होकर चौक घंटाघर तक निकला। सदर गुनच-ए-मज़लूमिया कामिल हसनैन और सेक्रेट्री जियो हैदर ने बताया कि जुलूस में लोगों ने काले लिबास में आयतुल्लाह ख़ामेनेई की तस्वीरों और कैंडिल के साथ अपने गम और गुस्से का इजहार किया। जुलूस इमामबाड़ा जवाहर अली ख़ाँ से गुदड़ी बाज़ार चौराहे होते हुए चौक पहुंचा। जहां उलेमाओं ने एहतेजाजी तकरीर में खामनेई को पुरसा देते हुए अमेरिका और इजराइल की सख्त मज़म्मत की। उलेमाओं ने कहा कि आयतुल्लाह ख़ामनई की शहादत 28 फरवरी को तेहरान में हुए बड़े पैमाने पर अमेरिका-इज़राइल के हवाई हमलों में हुई, जिसकी पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने की है। सुप्रीम लीडर की शहादत बेहद गम का सबब है। इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जुलूस में मौलाना मोनिस, मौलाना कमर मेंहदी, इमामे जुमा जाफर रजा, मौलाना जफर अब्बास कुम्मी समेत बड़ी संख्या में लोग और धर्म गुरु रहे। संचालन प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. मिर्जा शहाब शाह ने किया।


ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत के गम में रविवार शाम अयोध्या में निकला जुलूस।


जुलूस में उमड़ा जनसैलाब। अमृत विचार

### बज रहे सायरन, लोगों को घरों में रहने का निर्देश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** खाड़ी देशों में स्थिति खराब है। सायरनों की आवाज हैं। लोगों को घरों मे रहने का आदेश जारी कर दिया गया है। खाड़ी देशों में रहने वालों के परिजन चिंतित है। लगातार अपनों की कुशलक्षेम पूछ रहे हैं। इरान, अमेरिका, इजराइल युद्ध से बदले हालात पर सभी की निगाहें टिकी हैं। युद्ध की विभीषिका से यहां परिजन खासे परेशान भी हैं। ईरान, अमेरिका, इजराइल युद्ध का दायरा लगातार बढ़ने के संकेत हैं। सुप्रीम की मौत के बाद ईरान ने हमले तेज कर दिए है। साथ ही दूसरे देशों से किए जा रहे हमले बढ़ते जा रहे हैं। इसको लेकर पूरे मध्य पूर्व के खाड़ी देशों में तनाव की स्थिति बन गई है। ईरान, इजरायल, यूएई, दुबई, सऊदी अरब, बहरीन, कतर, ओमान सहित खाड़ी देशों में युद्ध की विभीषिका है। जिले के बड़ी संख्या में लोग खाड़ी देशों में नौकरी और कारोबार के सिलसिले में रहते हैं। इधर युद्ध के कारण एक मार्च के लिए हवाई उड़ाने बंद कर दी गई हैं। अब वहां रहने वाले लोगों के परिजनों के चेहरे पर चिंता की लकीरे हैं। लोग हर अपडेट पर नजर रख रहे हैं। लगातार मोबाइल से वहां से संपर्क में है। दूसरी ओर वहां रहने वाले लोग गिरती मिसाइलों की तस्वीरें भेज रहे हैं। सोहावल के शकील बताते हैं कि उनके परिजन सऊदी अरब के साथ बहरीन सहित अन्य देशों में हैं। फोन पर लगातार बातें हो रही है। वहां की स्थिति के साथ भारत से निकल रही सूचनाओं पर नजर है। शहर के पिंकू सिंह बताते हैं कि उनकी बहन कल्पना और भांजी दुबई में हैं। बात हुई तो बताया कि जहां वह रहती हैं वहां से लगभग 40 किमी. दूर मिलाइलें गिरी। सायरन की आवाजें आ रही है। वहां के प्रशासन ने लोगों को घरों में बने रहने का आदेश जारी किया है। इसी तरह शहर और देहात के कई लोगों के परिजन, सऊदी के साथ बहरीन, अबूधाबी में रह रहे हैं। उनके परिजन भी लगातार संपर्क में है। जानकारी ले रहे हैं। अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने बताया कि खाड़ी देशों में स्थिति को लेकर यहां कोई सूचना या शिकायत अब तक नहीं मिली है।


सपा कार्यालय पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार।

### मुल्क के अमन चैन की मांगी दुआ

**अयोध्या, अमृत विचार।** गुलाबबाड़ी स्थित सपा कार्यालय पर रविवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने रोजा खोलकर मुल्क में अमन और देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी। इफ्तार बाद नमाज टाटशाह मस्जिद के नायब इमाम हाफिज मो. शादाब साहब ने पढाई। पूर्व मंत्री ने कहा रमजान मुबारक इबादत का महीना है। रोजा इफ्तार आपसी भाईचारा का संदेश भी देता है। इस अवसर पर निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रक्षा राम यादव, हामिद जाफर मीसम, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी, फरीद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### होली पर घर नहीं जा सकेंगे परीक्षा ड्यूटी में लगे शिक्षक

**अयोध्या कार्यालय।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में ड्यूटी पर लगे शिक्षकों व कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। जिले में बोर्ड परीक्षा में सात हजार से अधिक शिक्षक व कर्मचारी ड्यूटी पर लगाए गए हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम और सचल दल के सदस्य भी मुख्यालय पर रहेंगे। यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान ड्यूटी निभा रहे शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को होली के मौके पर घर जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव द्वारा जारी निर्देशों के बाद जिलों में इस आदेश का पालन शुरू हो गया है।

### आत्मनिर्भरता से मजबूत होगी अभियांत्रिकी : प्रो. राजीव

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेन्द्र सिंह के निर्देशन में इस वर्ष की थीम 'वूमेन इन साइंस कैटालाइजिंग विकसित भारत'' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के पूर्व निदेशक एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के पूर्व कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी ने कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं, बल्कि अभियांत्रिकी का केंद्र बनना होगा। हमारी आत्मनिर्भरता तब होगी जब हमारी अभियांत्रिकी मजबूत होगी तभी हम स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित कर पाएंगे। विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. बृज बिहारी तिवारी ने सर सीवी रमन के जीवन एवं रमन स्कैटरिंग की वैज्ञानिक उपयोगिता को सरल शब्दों में समझाया। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसएस मिश्र ने राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रो. के के वर्मा द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. गंगाराम मिश्र ने अभिनंदन किया। इस मौके पर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सिंधु सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# टायर फटने से पलटी बोलेरो, तीन की मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी।**

● पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर रविवार दोपहर में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार दोपहर पिछला टायर फटने से बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में दो महिलाओं व एक पुरुष समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। इनमें कुछ की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही। अयोध्या वासी कार सवार सभी लोग लखनऊ में सत्संग कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे।

हादसा लोनीकटरा थाना क्षेत्र में ग्राम नेरा कुबूलपुर के निकट रविवार की दोपहर करीब दो बजे हुआ। बोलेरो सवार सभी लोग अयोध्या जिले के इनायतनगर क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। यह सभी लखनऊ के मोहनलालगंज में आयोजित एक सत्संग कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे, जबकि कार अजीत कुमार चला रहे थे। दोपहर करीब दो बजे एक्सप्रेस-वे पर प्वाइंट नंबर 19.7 से 19.8 के मध्य बोलेरो का पिछला बायां टायर अचानक फट गया। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई, वहीं अयोध्या के थाना इनायत नगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुक्खापुरवा निवासी अजीत कुमार, ग्राम देवीपुर निवासी वंश बहादुर यादव, इनकी पत्नी निर्मला, राजकुमार, श्याम कली पत्नी करमचंद, बाबूराम पुत्र बचऊ, रेखा पत्नी रंग बहादुर, शांति देवी पत्नी बलिराम, इंद्रपति पत्नी रामप्रसाद, ग्राम पांडेयपुरवा निवासी सियालाल, पराना पत्नी सियालाल गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही लोनीकटरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को लखनऊ के सीएचसी गोसाईंगंज लखनऊ भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने बाबूराम (60) पुत्र बचऊ, शांति देवी (62) पत्नी बलिराम व इंद्रपति (60) पत्नी रामप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का उपचार शुरू किया गया। इनमें कुछ को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अभय मौर्य के अनुसार अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवनियुक्त अधीक्षक ने संभाला पदभार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. पीके बादल ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके स्वागत और बधाई के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल त्रिपाठी, फार्मासिस्ट मनोज यादव, सीएचओ दिनेश यादव और संजय जैसवार सहित केंद्र के अन्य कर्मचारियों ने डॉ. बादल को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मानित किया। डॉ. अनिल त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. बादल के अनुभव और कार्यकुशलता से स्वास्थ्य केंद्र को नई दिशा मिलेगी। फार्मासिस्ट मनोज यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सीएचसी जलालपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार होगा। सीएचओ दिनेश यादव और संजय ने भी डॉ. बादल के स्वस्थ और दीर्घायु कार्यकाल की कामना की।


नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. पीके बादल का स्वागत करते स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल त्रिपाठी व अन्य।

# शोक जताया, विरोध-प्रदर्शन भी किया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जलालपुर नगर के रौजा-ए-कासिम में रविवार को ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की सूचना पर शिया समुदाय में गहरा शोक व्याप्त है। नगर के शिया बहुल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रौजा-ए-कासिम पर एकत्रित हो गए। इस दौरान उनकी मगफिरत के लिए कुरानखानी और इसाल-ए-सवाब का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित हजारों लोग शामिल हुए और दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी गई। लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के दौरान मौलाना मेहदी हसन, कर्रार हुसैन, जैगम अब्बास, मीशम जाहदी, रईस हैदर और अब्बास रजा फैजीम समेत कई लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि यह घटना मानवता के खिलाफ है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।


खामेनेई की मौत की सूचना पर शोक व्यक्त करते शिया समुदाय के लोग।

**कौम कभी टूटकर बिखरने वाली नहीं :**
जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र वफा अब्बास नकवी ने भावनात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल गमजदा है, लेकिन कौम कभी टूटकर बिखरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है जब-जब इम्तिहान की घड़ी आई, उम्मत ने सब्र को अपना आभूषण और हिम्मत को अपना ध्वज बनाया है। यह गम कमजोरी नहीं, बल्कि शक्ति का स्रोत है, यह आंसू पराजय नहीं, बल्कि वफादारी का प्रमाण हैं।

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में चौथी बार शत-प्रतिशत चयन

**अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। भारत सरकार के स्कूल एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय व्यापी योजना राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। जनपद नोडल समन्वयक नीरज यादव ने बताया कि जनपद के 279 कोटे के सापेक्ष के 275 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए सफल पाए गए, जिसमें जनपद की लिए 4 सीटें अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए आरक्षित थी, लेकिन उनके न होने के कारण खाली रही। विगत 4 वर्ष से टीम एनएमएमएस के प्रयास से जनपद का परिणाम 100 प्रतिशत सफल रहा है। परीक्षा का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। नोडल समन्वयक ने बताया कि छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए जनपद से 2 हजार 645 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 2 हजार 332 बच्चों ने बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए थे।

### छात्रों को सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं व्यवहारिक कौशल की भी है जरूरत : रितेश पांडेय


हिबा सिद्दीकी को सम्मानित करते पूर्व सांसद रितेश पांडेय।

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तालीम आफता इंसान ही बुलंदियों पर पहुंच सकता है, इंसान अपनी इल्म से देश की तरक्की में अपना अहम किरदार निभा सकता है। उक्त बातें रविवार को वार्षिक उत्सव को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने कही। बता दें कि जीपीएलडी पब्लिक स्कूल सेमरा रफीगंज का वार्षिक उत्सव रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर रहे। जब कि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रितेश पांडेय व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य डॉ. राधेश्याम यादव, आलोक सिंह यादव व नियाज तौहीद सिद्दीकी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चे लक्ष्य तय करके शिक्षा ग्रहण करें और जिस क्षेत्र में रुचि हो उस तरफ ध्यान दें। उन्होंने छात्रा हिबा सिद्दीकी को सम्मानित करते हुए उनके लक्ष्य के बारे में पूछा तो छात्रा हिबा सिद्दीकी ने कहा कि मुझे कमांडर शुफिया कुरैशी एवं विंग कमांडर वामिका सिंह जैसा बनकर देश की सेवा करनी है। एसपी ने हिबा सिद्दीकी का उत्सवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी ने वार्षिक उत्सव जैसे कार्यक्रमों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। पूर्व सांसद रितेश पांडेय ने कहा की आज सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं व्यवहारिक कौशल की भी जरूरत है। जिस से छात्र जीवन की चुनावतियों का मुकाबला कर सके।

मेधावियों को किया गया सम्मानित : स्कूल के प्रबन्धक दीप नारायण मिश्र व डायरेक्टर श्याम शुक्ला, आदित्य मिश्र व मनोज मिश्रा के संयोजन में हुए कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विगत वर्ष विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। जब कि पूर्व में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई तो बच्चों ने गीत, डांस व नाटक के जरिए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छोटे बच्चों का डांडिया डांस, होली गीत, फौजियों की शहादत जैसे कार्यक्रम खूब सराहे गए। अंत में प्रबन्धक दीप नारायण मिश्र ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

# सीसी रोड क्षतिग्रस्त कर तांडव मचाया

**बसखारी अंबेडकर नगर।**

**अमृत विचार :** गोल बंद होकर आए दबंगों ने नगर पंचायत में सरकारी धन से निर्मणाधीन नाली व सीसी रोड को क्षतिग्रस्त कर जमकर तांडव मचाया। इतना ही नहीं नाली व सीसी रोड को क्षतिग्रस्त करने के बाद दबंग गैता, ढलाई का पटिया और लोहे का 11 जाल भी चोरी कर ले गए। मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक दर्जन से अधिक दबंग नवनिर्मित नाली व सीसी रोड को क्षतिग्रस्त करते हुए देखे भी जा रहे हैं।मामले में बसखारी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। मामला नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के वार्ड नंबर 14 हनुमान मंदिर वाली गली का बताया जा रहा है ।जहां पर लोगों की सुगमता व सुविधा के लिए सीसी रोड व नाली का निर्माण कार्य तेजस इंटरप्राइजेज के द्वारा कराया जा रहा था। आरोप है कि बीते 28 फरवरी को बसखारी निवासी भागीरथी गौड व उनके पुत्र राहुल गौंड अपने 10-15 लोगों को लेकर अवरोध उत्पन्न करने लगे। जिस पर निर्माण कार्य में लगी तेजस इंटरप्राइजेज नगर पंचायत व प्रशासन की मौजूदगी में निर्माण कार्य कर रही थी। शाम को कार्य समाप्त होने के बाद करीब 11:00 रात में 10-15 दबंग जिसमें कुछ लोगों के हाथ में गैंती थी, आए और नव निर्मित नाली व सीसी रोड को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।


नगर पंचायत किछौछा में नाली को क्षतिग्रस्त करते दबंग।

### तीन युवक तमंचे और चाकू के साथ गिरफ्तार

**बसखारी।** चेकिंग के दौरान हंसवर पुलिस ने अवैध तमंचे और चाकू के साथ स्कार्पियो सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 32 बोर देसी पिस्टल, चाकू, जिंदा कारतूस, पेटीएम बैंक मशीन, मोबाइल के साथ नगदी रुपए भी बरामद करने का दावा किया है। हंसवर पुलिस को यह सफलता उस समय मिली जब थाना क्षेत्र के 6 नम्बर पुलिया पर थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार सैनी अपने हमराही पुलिस कर्मियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान आकाश मिश्रा, अमन मिश्रा पुत्र शारदा नंद निवासी तरौली मुबारकपुर थाना हंसवर तथा अमर पंडित निवासी रामपुरी सूर्यनगर थाना लिंक रोड गाजियाबाद के रूप में हुई। तीनों का हाल पता थाना लिंक रोड गाजियाबाद बताया जा रहा है।

# मामूली विवाद में चली गोली, युवक गंभीर रूप से घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** शाहपुर-फिरोजपुर गांव में शनिवार रात मामूली विवाद के बाद मारपीट के दौरान गोली चलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है।

बता दें कि मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर-फिरोजपुर गांव का है। शनिवार रात गांव के ही लालू और टाइगर के बीच खाने-पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान आरोप है कि लालू ने पिस्टल निकालकर टाइगर पर गोली चला दी। गोली लगने से लालू गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना में टाइगर को भी चोट आयी हैं। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दोनों युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी लालू, उसके भाई इंदल तथा सहित दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया।

### तीन बीघा गन्ने की फसल में लगी आग, जांच शुरू

**संवाददाता, महराजगंज, आजमगढ़। अमृत विचार :** महराजगंज थाना क्षेत्र के पैकौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गन्ने की फसल में आग लगने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसानों की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैकौली निवासी इन्द्रासन यादव व विजय बहादुर यादव (पुत्र स्व. ललई यादव) रविवार को थाना महराजगंज पहुंचे और लिखित प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी गाटा संख्या 901 की चक में बोई गई गन्ने की फसल में बीती रात करीब 10 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने से लगभग तीन बीघा गन्ना जलकर नष्ट हो गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जुट गई थी और सभी ने मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया। पीड़ित किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना महराजगंज पुलिस ने इतफाकिया सूचना दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक संतोष कुमार को सौंप दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**तैयारी** — जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किछौछा में किया फ्लैग मार्च, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था की गई कड़ी, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

# होली के त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के साथ तहसील टांडा अंतर्गत नगर पंचायत किछौछा के विभिन्न क्षेत्रों और गलियों में व्यापक रूट मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिकक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा का संदेश दिया।


जनपद के टांडा तहसील अंतर्गत नगर पंचायत किछौछा के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

रूट मार्च के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करते हुए होली पर्व को आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति के साथ मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने पर्व के दौरान विद्युत, पेयजल, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी तथा निरंतर गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। रूट मार्च के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि शासन के मंशानुसार जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क है और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

### अधिकारियों ने जुलूस मार्गों का लिया जायजा

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** होली पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और होली के पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने टांडा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रूट मार्च किया। इस दौरान उन्होंने संवेदनशील स्थलों, होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान पुलिस एवं प्रशासन पूर्णत: सतर्क एवं सक्रिय रहेगा। किसी भी प्रकार से शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संपूर्ण जनपद को विभिन्न सेक्टर और जोन में विभाजित कर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद टांडा, तहसीलदार टांडा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### निशा ने आर्थिक तंगी से जूझते परिवार को मेहनत से दी नई पहचान


पार्लर में काम करतीं निशा।

**अंबेडकरनगर।** जनपद के कर्मा जगदीशपुर गांव में रहने वाली निशा ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि कई अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। आर्थिक तंगी से जूझते हुए परिवार में पली-बढ़ी निशा ने छोटे स्तर से शुरू किए गए ब्यूटी पार्लर व्यवसाय को आज एक सफल उद्यम में बदल दिया है। यह सफलता मुख्यमंत्री योगी की जनकल्याणकारी योजनाओं, खासकर स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के सहयोग से संभव हुई है। निशा का जन्म और पालन-पोषण एक साधारण परिवार में हुआ, जहां आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि घर की बुनियादी जरूरतें भी मुश्किल से पूरी हो पाती थीं। निशा जय भीम स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनीं। समूह की नियमित बैठकों में उन्हें एसवीईपी योजना के बारे में जानकारी मिली, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना के तहत उन्हें 10 हजार रुपए का ऋण मिला। निशा ने नवंबर 2021 में निशा ब्यूटी पार्लर की शुरुआत की। निशा का पार्लर अब सिर्फ व्यवसाय नहीं रहा, बल्कि एक सामाजिक बदलाव का माध्यम बन गया है।

न्यूज ब्रीफ

### सेवा भारती का होली मिलन समारोह 5 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सेवा भारती की ओर से पांच मार्च को सायं 4 :30 बजे हथियानाला स्थित बाल संस्कार केंद्र पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है। सहयोग स्वरूप मिठाई व गुलाल लाने का भी अनुरोध किया गया है। यह जानकारी सचिव डा. सुनील त्रिपाठी ने दी है।

### होली पर कादीपुर में कड़े सुरक्षा इंतजाम

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** होली पर्व को लेकर प्रशासन ने तीन दिन तक प्रभावी रहने वाले पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सीओ विनय गौतम ने बताया कि संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, वाहन चेकिंग अभियान चलेगा और सीमाओं पर बैरिकेटिंग होगी। 2 मार्च को होलिका दहन व 4 मार्च को रंगोत्सव होगा। चार जोनल व 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी करेंगे।

### पंत स्टेडियम में 6 से 8 मार्च तक फिट इंडिया महिला सप्ताह

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिले में फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिला खेल कार्यालय स्थित पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में 6 से 8 मार्च तक योग, स्वदेशी खेल एवं सरल जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# पुलिस पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

## पुलिस अधीक्षक ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का घोषित किया था इनाम

- दबिश देने गई कुमारगंज पुलिस की टीम पर परिवार के साथ किया था हमला

बल्दीराय, सुलतानपुर



पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शनिवार की देर रात थाना बल्दीराय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध शस्त्र के साथ पारा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी की।

घेराबंदी के दौरान स्वयं को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान आदर्श सिंह निवासी ग्राम डोभियारा, थाना हलियापुर, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। वह थाना हलियापुर से वांछित चल रहा था और उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित था।

गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद .315 बोर अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

### कुमारगंज पुलिस पर हमले का था अभियुक्त

पकड़ा गया अभियुक्त थाना हलियापुर क्षेत्र के गांव डोभियारा का निवासी है। 20 नवंबर 2025 को जनपद अयोध्या की कुमारगंज पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए गांव में दबिश देने गई थी। उस दौरान आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला किया और सरकारी असलहा व मोबाइल छीन लिए थे। इस संबंध में थाना हलियापुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पर हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गया था पुलिस उसकी काफी दिनो से तलाश कर रही थी फिलहाल घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई कर रही है।

# खेत में बकरी घुसने पर चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

- तमंचे से पेट में मारी गोली, वारदात के बाद आरोपी फरार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मामूली विवाद ने उस समय खूनी रूप ले लिया, जब खेत में बकरी घुसने को लेकर हुई कहासुनी के बाद चचेरे भाई ने बड़े भाई को गोली मार दी। घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई।

मृतक की पहचान बंधुआकला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत दाउदपुर मनियारी गांव निवासी शाहिद (62) पुत्र आबिद हुसैन के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह बकरी चराने गए थे। इस दौरान बकरी चचेरे भाई शेहरू पुत्र नजर हुसैन (45) के खेत में चली गई, जिस पर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कुछ देर बाद शेहरू घर से तमंचा लाकर शाहिद के पेट के बाएं हिस्से में गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल शाहिद को पहले उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर और फिर लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। सीओ सौरभ सावंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# पर्यटन परियोजनाः करोड़ों की ठगी का आरोप

- इन्वेस्ट यूपी के तहत होना था निर्माण, एसपी से न्याय की गुहार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी इन्वेस्ट यूपी योजना के अंतर्गत पंजीकृत एक पर्यटन परियोजना में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता और ठगी का आरोप सामने आया है। गोराबारिक अमहट निवासी शुभम बरनवाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर नई दिल्ली स्थित कडेन कोपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विनय गुप्ता व उनके सहयोगियों पर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है।

शुभम बरनवाल के अनुसार उनकी बैंकेट हॉल/पर्यटन परियोजना यूपी टूरिज्म में पंजीकृत है। आरोप है कि 18 अप्रैल 2024 को 30 दिन में निर्माण पूर्ण करने का अनुबंध किया गया, जिसके एवज में लगभग 35.50 लाख रुपये दिए गए, पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। इसके बाद 3 सितंबर 2024 को 1.18 करोड़ रुपये में 90 दिन में कार्य पूरा करने का दूसरा अनुबंध हुआ।

शिकायतकर्ता का दावा है कि सितंबर 2024 से जनवरी 2026 तक करीब 90 लाख रुपये बैंक के माध्यम से तथा लगभग 21 लाख रुपये नकद दिए गए, फिर भी करीब 25 लाख रुपये का कार्य जानबूझकर अधूरा छोड़ा गया। शुभम बरनवाल का कहना है कि परियोजना के लिए बैंक ऋण लिया गया है और अधूरा निर्माण होने से वे आर्थिक संकट, बैंक वसूली के दबाव और मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। आरोप है कि धन वापसी या कार्य पूर्ण करने की मांग पर उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और धमकी दी गई।पीड़ित ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामला सरकारी परियोजना से जुड़ा होने के कारण पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर कोतवाल संदीप कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

### फर्जी पुलिस बन लूटी सोने की चेन, जबरन कराए रुपये ट्रांसफर

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ-वाराणसी फोरलेन पर देहात कोतवाली के पीछे स्थित आरओबी के पास देर शाम फर्जी पुलिसकर्मी बनकर युवक से लूट की घटना सामने आई है। बाइक सवार दो युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक को धमकाया और सोने की चेन के साथ रुपये भी हड़प लिए। बताया जाता है कि 27 फरवरी की शाम युवक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ फोरलेन किनारे खड़ा बातचीत कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए कोतवाली ले जाने की धमकी दी। आरोप है कि डराकर युवक की सोने की चेन उतरवा ली गई और उसके मोबाइल से जबरन 1000 रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# साइबर हेल्प डेस्क से हवालात तक की जांच

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर



थाने का निरीक्षण करतीं एसपी चारू निगम। ● अमृत विचार

- थाना बल्दीराय का पुलिस अधीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

**अमृत विचारः** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से चारू निगम ने थाना बल्दीराय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था तथा परिसर की साफ-सफाई का गहन परीक्षण करते हुए कई दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण की शुरुआत महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क से हुई। एसपी ने महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता बरतने, शिकायतों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण और नियमित फीडबैक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। साइबर अपराधों के मामलों में शीघ्र पंजीकरण और प्रभावी कार्रवाई के साथ आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही गई। एसपी ने टॉप-10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर्स तथा शराब, खनन और भू-माफियाओं के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई की जांच की गई तथा पुलिस कर्मियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार एवं थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवता के लिए हनुमानगंज पहुंचा पोलैंड का पैदल यात्री



पोलैंड से पैदल यात्रा को निकले मैथ्यूज।

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी फोरलेन मार्ग से रविवार सुबह करीब दस बजे पोलैंड से पदयात्रा पर निकले यात्री मैथ्यूज कामिल हनुमानगंज पहुंचे। 15 नवंबर 2024 से शुरू हुई उनकी यह यात्रा मानवता और सांस्कृतिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से जारी है। उनका लक्ष्य पोलैंड से जापान तक पैदल पहुंचना है।

हनुमानगंज में उनके पहुंचने पर स्थानीय लोगों में उत्सुकता देखी गई। लोगों ने उनसे यात्रा के अनुभव साझा करने का अनुरोध किया। मैथ्यूज ने भारत की मेहमान नवाजी की सराहना करते हुए कहा कि यहां का अपनापन और 'अतिथि देवो भव' की भावना उन्हें हर कदम पर महसूस हो रही है। उन्होंने बताया कि भारत की सादगी और मुस्कान उनके सफर की यादगार बन रही है। उन्होंने कहा कि भारत के सकारात्मक अनुभवों को वह पोलैंड में साझा करेंगे, ताकि वहां के लोग भारतीय संस्कृति को समझ सकें। 'जय श्री राम' का उद्घोष करते हुए वह काशी विश्वनाथ की ओर रवाना हो गए।

### वॉलीबॉल खिलाड़ी धनंजय यूथ नेशनल कैंप के लिए चयनित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उड़ीसा में आयोजित होने वाली यूथ नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम के चयन को लेकर कानपुर में आयोजित ट्रायल में जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी धनंजय सिंह का चयन यूथ नेशनल कैंप के लिए किया गया है। जयसिंहपुर क्षेत्र के धरसौली ग्राम निवासी धनंजय 5 से 12 मार्च तक वाराणसी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करेंगे। कैंप के उपरांत उत्तर प्रदेश टीम की अंतिम सूची जारी की जाएगी। धनंजय के पिता यशवंत सिंह भी वॉलीबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं और वर्तमान में डाक विभाग में कार्यरत हैं। चयन पर वॉलीबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, जिला सचिव एस.एन. सिंह, उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, रविन्द्र सिंह, मुनेंद्र मिश्र, सर्वेश सिंह, रणधीर आदि ने बधाई दी।

# मधुपुर प्रतापगढ़ की टीम ने जीता खिताब

भदैंया, सुलतानपुर



फगुआ गायन करते लोक कलाकार। ● अमृत विचार

- दसवें फाग महोत्सव में पाया पहला स्थान

**अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र के हनुमानगंज गांव स्थित रामपुर ग्राम पंचायत में आयोजित पं. गयादीन पांडेय स्मृति दसवें जवाबी फगुआ गायन महोत्सव में मधुपुर, प्रतापगढ़ की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। महराजगंज की टीम द्वितीय और अभियाखुर्द की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेता टीमों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को आयोजित एकदिवसीय महोत्सव में करीब आधा दर्जन फगुआ टीमों ने भाग लिया। महराजगंज कुड़वार की टीम ने "आज बिरज मा होरी रे रसिया..." से शुरुआत की। मधुपुर प्रतापगढ़ की टीम ने ढोलक, मंजीरा और हारमोनियम की ताल पर "आए हनुमान लैक बानर कै टोली..." और "निरमोहिया श्याम..." जैसे गीतों से समां बांध दिया।

पन्ना टिकरी की टीम ने भी पारंपरिक व पौराणिक प्रसंगों पर आधारित गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आयोजक चंद्र प्रकाश मिश्रा ने सभी टीमों व अतिथियों का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया।

# प्रधानाचार्यों की बीईओ पदोन्नति प्रक्रिया शुरू

- हाईकोर्ट के निर्देश पर वर्षों बाद बढ़ी कार्रवाई

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** लखनऊ खंडपीठ, इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर जिले में प्रधानाचार्यों की खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पद पर पदोन्नति की वर्षों से लंबित प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। यह पदोन्नति सेवा नियमावली 1992 के नियम 5(1) के अंतर्गत वरिष्ठ प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों के लिए की जानी है।

एजूकेशन डायरेक्ट्रेट उत्तर प्रदेश द्वारा 23 जनवरी और 26 फरवरी 2024 को जारी पत्रों में प्रदेश के सभी मंडलों व जनपदों से पात्र अधिकारियों की अद्यतन वरिष्ठता सूची, सेवा अभिलेख और अन्य आवश्यक दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में मांगे गए हैं। यह कार्रवाई रिट याचिका संख्या 5943/2024 व संबंधित अवमानना वाद के आदेशों के अनुपालन में की जा रही है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पदोन्नति केवल सेवा नियमावली 1992 के प्रावधानों के अनुरूप होगी और 10 अप्रैल 2003 के निरस्त शासनादेश के आधार पर दावे मान्य नहीं होंगे। जिले में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, कटसारी की प्रधानाचार्या ऊषा देवी पांडेय प्रथम स्थान पर हैं। अभिलेखों का परीक्षण कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# तलवार नहीं, कलम व शिक्षा से होगा उत्थान

संवाददाता, सुलतानपुर



कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

- तिकोनिया पार्क में धूमधाम व उल्लास के साथ मनाई गई संत गाडगे जयंती

**अमृत विचारः** शहर के तिकोनिया पार्क में अखिल भारतीय संत गाडगे मिशन सुलतानपुर द्वारा संत गाडगे की जयंती धूमधाम और उल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि चिंतामणि पूर्व निदेशक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संत गाडगे, डॉ अंबेडकर और बुद्ध जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़कर जयंती का उद्घाटन किया।।

संस्थापक बृजलाल बौद्धाचार्य और संरक्षक राम किशोर कनोजिया, रामकिशन द्वारा बुद्ध वंदना किया गया। आमंत्रित विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व विधायक अनूप संडा ने अपने भाषण में कहां कि तलवार नहीं कलम, शिक्षा से आपका विकास और उत्थान होगा। पेरियार सम्भाले वर्मा ने गाडगे जी का जीवन परिचय बताया। नंदिनी बौद्ध ने गीत के माध्यम से सभी का स्वागत व समाज को जगाने का कार्य किया। रामकिशोर ने सरकार की योजना के लाभ को बताया। प्रदेश अध्यक्ष दिवाकर कनौजिया और अच्छेलाल कनौजिया दोनों लोगों ने अपने संघर्ष और शिक्षा के महत्व, बुद्ध के अच्छे वचनों को अपनाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राधेश्याम कनोजिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि चिंतामणि ने अपनी भाषा में कहा कि विस्तार से संत गाडगे के जीवन परिचय और नई शिक्षा नीति के लाभ एवं हानि को विस्तार से समझाया। संचालन राजेश कुमार कनौजिया और विजय भास्कर द्वारा किया गया। जयंती में हाई स्कूल इंटर स्नातक में अच्छे से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुस्तक और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

# हमले को लेकर सीपीआई एम सड़क पर

संवाददाता, सुलतानपुर



शहर में पुतला दहन करते कम्युनिस्ट पार्टी के लोग। ● अमृत विचार

- अमेरिका और इजराइल के राष्ट्रपति का पुतला जलाकर जताया विरोध

**अमृत विचारः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला इकाई के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पुतला दहन कर ईरान पर कथित साम्राज्यवादी हमले का विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने हमले को तत्काल रोकने की मांग की।

राज्य सचिव रवि मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-इजराइल की नीतियां विश्व शांति के लिए खतरा हैं और यह ईरान की संप्रभुता पर आघात है। जिला सचिव राधेश्याम वर्मा ने इसे अमेरिका की संसाधनों पर कब्जे की पुरानी रणनीति बताया। जिला सचिव मंडल सदस्य शशांक पांडेय ने ईरान की जनता के साथ एकजुटता जताते हुए सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में राजबहादुर यादव, बालकृष्ण मिश्रा, रामनिहाल, मंजू सिंह, सुनील सिंह, अनिल दुबे, श्यामू मौर्य, जवाहर लाल, राम सजीवन, उदयराज गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सकरदे गांव के जंगल में लगी आग

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सकरदे गांव में रविवार सुबह करीब 11 बजे जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम KHAN ALIAS SALEEM HAFIZ MOHAMMAD NAZAR था अब मै अपना बदलकर MOHD NAZAR KHAN रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD NAZAR KHAN S/0-ALI NAZAR KHAN ADD-CHOWK JAMA MASJID IMAM PURANPUR PILIBHIT

**सूचना**
पहले मेरा नाम VASEE ROON NISA था अब BASHIRUN NISHA रख लिया है। भविष्य मे मुझे BASHIRUN NISHA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAFEEQUL ISLAM ADD-KASBA DEVGAON POST-AND-PS-DEVGAON DIST-AZAMGARH-276201 (U.P.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि **ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद निवासी ग्राम बभनपुर ब्लाक छतोह परगना रोखा तहसील सलोन जिला रायबरेली** का नाम आधार कार्ड में ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद है परन्तु त्रुटिवश रिलायन्स निफोन लिमिटेड बीमा के दस्तावेज में ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन हो गया है,ज्ञानमती पत्नी शीतला प्रसाद व ज्ञानवती पत्नी शीतला दीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHAMMAD HASIN KHAN से बदल कर MOHD HASIN KHAN कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD HASIN KHAN पुत्र AMIULLAH KHAN नाम से जाना व पहचाना जाए। **मो0 हसीन खान पुत्र अमीउल्लाह खान निवासी राम नगर गनसियारी पोस्ट मऊ आइमा जिला प्रयागराज**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Iliyas Beg से बदलकर Mirza Iliyas Beg रख लिया है। भविष्य में मुझे Mirza Iliyas Beg S/O Mirza Afsar Beg के नाम से जाना व पहचाना जाए। 477/30 KA, Reti Mohalla, Khadra, Nirala Nagar, Lucknow

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Akancha Pandey से बदलकर Akanksha Pandey रख लिया है। भविष्य में मुझे Akanksha Pandey D/O Arun Kumar Pandey के नाम से जाना व पहचाना जाए। H.NO-80/5, MAKBAR GANESHGANJ, AYODHYA

**सूचना**
मै **कुसुमलता पत्नी कैलाश चन्द्र गुप्ता, निवासी–मोहल्ला ब्रहम्णी टोला कस्बा, परगना व तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी,** अपने पुत्र नितिन गुप्ता के व्यवहार, क्रिया कलाप शुरूआत से अच्छे नही रहे है इसलिए मैने उसे अपने जीवन काल में ही घर एवं समस्त लेन देन से अलग कर दिया था तब से मेरा उपरोक्त पुत्र से कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह आये दिन मुझे व समस्त घर परिवार को छिन्न–भिन्न कर देने की धमकी देता है। जिससे मै व मेरी पुत्रिया बहुत ही परेशान है। उसके इन किया कलापों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

जागरूकता

कटका क्लब सामाजिक संस्था ने छात्रों व ग्रामीणों को संरक्षण का संदेश दिया

# गौरैया आओ मेरे देश जागरूकता अभियान चला

गोसाईगंज, सुलतानपुर



कटका क्लब की जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते सौरभ मिश्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर क्षेत्र स्थित एक निजी विद्यालय में कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा 'गौरैया आओ मेरे देश' जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को गौरैया संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। अभियान का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया।

गोष्ठी के मुख्य वक्ता शिक्षक-साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने कहा कि गौरैया को पुनः अपने आंगन में बुलाने के लिए घरों में कृत्रिम घोंसले लगाने, छत या बालकनी में दाना-पानी की व्यवस्था करने और मोबाइल टावरों से होने वाले रेडिएशन को नियंत्रित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बदलते आवासीय ढांचे के कारण यह नन्ही चिड़िया धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। ऐसे में इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे।

संस्था अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने बताया कि यह अभियान 20 मार्च तक गांवों एवं क्षेत्र के आमजन के बीच चलाया जाएगा। इसके उपरांत संस्था की ओर से पक्षियों के लिए जलपात्र और कृत्रिम घोंसले लगवाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। संस्था ने जनपद व प्रदेश स्तर पर वन विभाग से भी गौरैया संरक्षण के लिए व्यापक और ठोस पहल करने की मांग की है। कार्यक्रम में पवन तिवारी, विनय सिंह, विजय लक्ष्मी, श्रेया, दीक्षा यादव, गुड्डू, अमिता सिंह, रमेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग को बहलाकर शादी का आरोप, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में किशोरी को बहला-फुसलाकर जबरन शादी करने और परिजनों को धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर दो सगे भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी करीब 17 वर्षीय बेटी को दिवाकर पुत्र हृदयराम कोरी निवासी देनवा थाना गोसाईगंज अपने साथ ले गया, जहां उसकी मांग में सिंदूर भर दिया गया। आरोप है कि इसके बाद परिजनों पर दबाव बनाकर सादे कागज पर जबरन समझौता भी लिखवा लिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दिवाकर के भाई जयप्रकाश ने परिवार के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना 19 फरवरी की दोपहर की बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है। तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि नाबालिग से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# होली पर्व को लेकर सजे बाजार, खरीदारी में जुटे लोग

## जिले में 4739 स्थानों पर होगा होलिका दहन, विभिन्न जोन और सेक्टरों में बांटा गया जिला, सुरक्षा के किये गये कड़े प्रबंध

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** रंगों के पर्व होली को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल चरम पर है। एक ओर जहां बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के ऐसे कड़े इंतजाम किए गए हैं कि किसी भी अप्रिय घटना की गुंजाइश न रहे। चप्पे-चप्पे पर खाकी का पहरा रहेगा।

पूरे जनपद को विभिन्न जोन और सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा का पुख्ता खाका खींचा गया है। जिले मे 4,739 होलिका दहन होगा। इन स्थलों पर सुरक्षा समितियों' का गठन कर स्थानीय लोगों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। शांति भंग करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों पर विशेष नजर रहेगी।

प्रशासन ने 1 कंपनी पीएसी और 5 विशेष क्यूआरटी क्विक रिस्पांस टीम को अति-संवेदनशील प्वाइंट्स पर तैनात कर दिया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

त्योहार के दौरान हुड़दंग और नशे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस सोशल मीडिया के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से भी निगरानी करेगी। डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी सूरत में भड़काऊ, अश्लील या जातीय विद्वेष फैलाने वाले गाने न बजाएं। शहर के मुख्य बाजार चौक बाजार, ठठेरी और गुड्डू मल चौराहे पर काफी भीड़ रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की। अबीर-गुलाल के साथ-साथ रंगीन कुर्ता-पायजामा और गुझिया बनाने की सामग्रियों की बिक्री ने रफ्तार पकड़ ली है। मिठाई व कपड़ों की दुकान पर भी काफी भीड़ लगी रही। विद्युत विभाग ने भी पर्व के मद्देनजर 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का दावा किया है। एएसपी राधेश्याम राय ने बताया कि होली पर प्रशासन चौकन्ना है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में सजग रहने का निर्देश दिया गया है।


अबीर गुलाल व पिचकारी की लगी दुकान। ● अमृत विचार


कपड़े की दुकान पर खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार


गश्त करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### होली व रमजान को लेकर तरबगंज पुलिस अलर्ट

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** होली और रमजान माह को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तरबगंज पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। रविवार को पुलिस टीम ने तरबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेलसर के मिश्रित आबादी और भारी भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त की। इस दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का पुख्ता एहसास दिलाया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने बेलसर बाजार और मुख्य चौराहों पर मार्च किया। पुलिस का मुख्य फोकस उन क्षेत्रों पर रहा जहाँ आबादी मिश्रित है या जहां त्योहारों के दौरान अत्यधिक भीड़ जमा होती है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

### संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने किया मार्च

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** होली पर्व और पवित्र रमजान माह को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने रविवार को सघन एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए बाजारों, चौराहों और संवेदनशील स्थलों पर पैदल मार्च किया गया। इसी क्रम में कस्बे सहित बल्लीपुर, खरगुपुर, चौखड़िया साकीपुर, दत्तनगर, नवाबगंज गिर्द, दुल्लापुर तथा सरयूघाट चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम ने हालात का जायजा लिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में महिला एवं पुरुष आरक्षियों सहित डायल 112 पीआरवी टीम मौजूद रही। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।

## खाटू श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली गई

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** हनुमान मंदिर रगड़गंज बाजार से भक्तों ने रगड़गंज बाजार होते हुए देवरदा तक शोभायात्रा निकाली। इस दौरान भक्त डीजे एवं ढोल मजीरा के बीच खाटू श्याम बाबा की जय आदि के नारे लगाते रहे। जगह-जगह पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि खाटू श्याम के भक्त समय-समय पर धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक कार्य भी करते रहते हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व जिला महामंत्री अजीत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बेलसर गोलू सिंह ने कहा कि खाटू श्याम में जो भक्त अपना अर्जी लगाते हैं वह अवश्य पूर्ण होती है। इस अवसर पर हुकुम दत्त पांडेय, राजेंद्र पांडेय, अभिषेक पांडेय, राम भजन चौबे, अशोक कुमार, निखिल सिंह, रामकुमार गुप्ता, जीतू सिंह, मनीष चौबे, संतोष दूबे, रज्जन बाबा, अनिल पांडेय, शिवनाथ भोजवाल, देवी प्रसाद सिंह, दिनेश पांडेय, सूबेदार, रौनक दूबे आदि उपस्थित रहे।


शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## परीक्षित मोक्ष प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** झाली धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथा व्यास नरसिंह दास महाराज 'पथिक' ने परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। प्रवचन के दौरान महाराज ने बताया कि शुकदेव ने राजा परीक्षित को अंतिम उपदेश में आत्मज्ञान का सार समझाते हुए मृत्यु के भय से मुक्त होने का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि मृत्यु केवल शरीर की होती है, आत्मा अजर-अमर है। जब मनुष्य इस सत्य को स्वीकार कर लेता है, तब उसे किसी भी प्रकार का भय नहीं रहता। कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।


कथा सुनाते नरसिंह दास पथिक।

## भैरवपुरवा मार्ग की जर्जर स्थिति पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** विकास खंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत सोनवार के मजरे भैरव पुरवा को जाने वाला मुख्य मार्ग जर्जर है। सड़क की खस्ता स्थिति के कारण आए दिन ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं और आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण को लेकर वे वर्षों से मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लगातार टालमटोल की जा रही है। इससे नाराज होकर रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। प्रदर्शन में मुंशीलाल शुक्ल, ओमप्रकाश शुक्ल, संतोष शुक्ल, अनिल शुक्ल, अनुराग पाण्डेय, लालजी पाल, अमित पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, विपिन पाण्डेय आदि मौजूद रहे। सोनवार के प्रधान प्रतिनिधि रघुनाथ पाण्डेय ने बताया कि ब्लॉक प्रमुख निधि से उक्त मार्ग पर सीसी रोड निर्माण के लिए इस्टीमेट तैयार हो चुका है और जल्द कार्य शुरू होगा।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार:** मनकापुर-नवाबगंज मार्ग स्थित टिकरी जंगल में अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने शव की पहचान कर ली है। मृतक के दामाद की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान हकीकुल्लाह (60) निवासी गोल्हीपुर, थाना सादुल्लाह नगर, बलरामपुर के रूप में हुई है। मृतक के दामाद नावेद ने तहरीर में बताया कि उनके ससुर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह बीते सोमवार दोपहर घर से बाजार जाने के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद बुधवार को थाना सादुल्लानगर में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसी बीच उसी दिन रात में सूचना मिली कि मनकापुर क्षेत्र में एक अज्ञात वृद्ध की सड़क हादसे में मौत हो गई है। दामाद ने पोस्टमार्टम हाउस में शव देखकर पहचान अपने ससुर हकीकुल्लाह के रूप में की।

# तीन लाइनमैन बर्खास्त दो एसएसओ हटाए गए

- अवैध लाइन शिफ्टिंग के मामले पर की गयी कार्रवाई

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड नवाबगंज के अंतर्गत बिजली विभाग में सामने आई अनियमितता पर विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। जांच में सात विद्युत खंभों पर अवैध रूप से 11 केवी लाइन शिफ्ट किए जाने की पुष्टि होने पर तीन संविदा लाइनमैनों की सेवा समाप्त कर दी गई, जबकि दो संविदा एसएसओ को उनके पद से हटाकर अन्यत्र तैनात कर दिया गया है।

मामला 33/11 विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत तुलसीपुर मांझा क्षेत्र के 894 कोसी परिक्रमा मार्ग पर निर्माणाधीन एक प्लांट से जुड़ा है। आरोप है कि प्लांट के लिए 11 केवी लाइन को बिना विभागीय स्वीकृति स्थानांतरित कर दिया गया। शिकायत मिलने के बाद मुख्य अभियंता (देवीपाटन मंडल) यदुनाथ यथार्थ ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि लाइन निर्माण और शिफ्टिंग में नियमों की गंभीर अनदेखी की गई। समिति ने पूरे कार्य को अवैध करार दिया। रिपोर्ट के आधार पर सीधे तौर पर संलिप्त पाए गए तीन संविदा लाइनमैन सुग्रीव सिंह, रामबाबू और अशोक की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं। संविदा एसएसओ रामजी और गजेंद्र पाल को उनके वर्तमान पावर हाउस से हटाकर अन्य स्थान पर भेज दिया गया है। अवर अभियंता (जेई) अरुण कुमार को नोटिस जारी कर 10 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है, जबकि एसडीओ पीयूष सिंह को चार्जशीट जारी कर विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ ने स्पष्ट किया कि विभाग में भ्रष्टाचार और अनियमितता के लिए कोई स्थान नहीं है।

# घर से लाखों की नकदी-जेवर चोरी

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** मुट्ठीगंज में पारिवारिक विवाद का मामला थाने पहुंच गया है। चारधाम यात्रा से लौटे एक व्यक्ति ने अपनी बहू पर आलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये व जेवरात निकाल लेने और बाद में वापस करने से मुकर जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

राजमणि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लगभग एक माह पूर्व चारधाम यात्रा पर गए थे। उनके अनुसार, उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर घर में रखी आलमारी का ताला तोड़ दिया गया और उसमें रखे करीब तीन लाख नकद तथा लगभग तीन लाख के जेवरात निकाल लिए गए। राजमणि का कहना है कि यात्रा से लौटने के बाद जब उन्होंने सामान की जांच की तो नकदी और जेवरात गायब मिले। पूछताछ करने पर बहू ने रुपये और जेवर लेने की बात स्वीकार की तथा 1 मार्च को पूरा सामान वापस करने का आश्वासन दिया था।

# होली मिलन समारोह में फगुवा पर थिरके लोग



होली मिलन समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड बेलसर के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत में एचीवर फार्मर फाउंडेशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ अयोध्या से पधारे दद्दन महाराज द्वारा विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। इसके उपरांत सीईओ कुलदीप मिश्रा ने अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत करते हुए होली के पर्व को प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। सांस्कृतिक कलाकार शिव पूजन शुक्ल ने फगुआ गीतों पर चौताल प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नान बच्चा पांडेय, पवन कुमार मिश्रा, राम शरण मिश्रा, बच्चा राम यादव, विनोद पांडेय, खनक मिश्रा, मनीष तिवारी, मुकेश शुक्ल व फूल बाबू तिवारी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व सैनिक ने स्कूल के 80 बच्चों को दिए बैग


बैग के साथ बच्चे व अनुशासन की जानकारी देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में शनिवार को ग्राम बंजरिया झिलाही निवासी पूर्व सैनिक राजेन्द्र प्रसाद ने विद्यालय के 80 बच्चों कोल बैग वितरित किए। राजेन्द्र प्रसाद वर्तमान में भारतीय जीवन बीमा निगम में गार्ड के पद पर तैनात हैं। वे पिछले पांच वर्षों से जरूरतमंद स्कूली बच्चों की सहायता कर रहे हैं। कोरोना काल से ही वे विद्यालय को दान स्वरूप स्टडी टेबल, आलमारी, साबुन, शैम्पू, राइटिंग पैड व अन्य स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराते आ रहे हैं। कार्यक्रम में बीईओ हर्षित कुमार पाण्डेय ने राजेन्द्र प्रसाद के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस मौके पर एआरपी इन्दु प्रताप सिंह, प्रवीण मिश्रा सहित शिक्षक आलोक कुमार, बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, पूनम यादव, अमर ज्योति, अनुराधा मिश्रा और चित्रावती मौर्य आदि उपस्थित रहे। उपहार प्राप्त करने वाले छात्रों में संध्या, अर्चना, माधुरी, रामू, रिया, रीतिका, रोशनी, संगीता, अंशिका, करिश्मा, साधना, प्रिंस, अंकित, शुभम, अजीत, ओम, रामनरेश, खुशी, पूजा और नैन्शी सहित अन्य बच्चे शामिल रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव निर्विरोध संपन्न


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ खुशी जताते सफाई कर्मचारी संघ के सदस्य।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक इकाई करनैलगंज में आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण व निर्विरोध संपन्न हो गया। कर्मचारियों ने वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार गोस्वामी पर पुन: विश्वास जताते हुए उन्हें लगातार पांचवीं बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष भगवान बक्श सिंह, महामंत्री रामपाल, कोषाध्यक्ष कमल किशोर सिंह, संगठन मंत्री घनश्याम विश्वकर्मा, संप्रेक्षक जाकिर अली को चुना गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार गोस्वामी ने सभी कर्मचारियों का आभार जताया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान विनय शंकर तिवारी, विनय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, हरिशंकर, रामपाल यादव, दिग्विजय सिंह, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, मनीष कुमार मौर्य, राजेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को भेजा आभार पत्र


मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र विधायक अजय सिंह को सौंपते शिक्षामित्र।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को विधायक अजय सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को आभार पत्र भेजा। पत्र में शिक्षामित्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सरकार द्वारा पांच लाख तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा लागू करने तथा महिला शिक्षामित्रों को पति के निवास स्थान और पुरुष शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर आभार जताया गया। 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये मानदेय किए जाने की घोषणा को ऐतिहासिक बताया। इस दौरान मनुवा त्रिपाठी, शिव किशोर पांडेय, शिव भगवान त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ल, महेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, घनश्याम सिंह, अवधेश कुमार मिश्र, रामानंद दुबे, कन्हैया बख्श सिंह, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाली अंतर्गत गंगापुर के मजरे मेला रामपुरवा के रहने वाले विश्वनाथ मिश्र का 35 वर्षीय बेटा रोहित मिश्रा किसी काम से कोतवाली देहात अंतर्गत चिश्तीपुर के समीप से जा रहा था। जो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों के सहयोग से घायल रोहित को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में रोहित मिश्रा नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# गरीबों के उत्थान को सरकार प्रतिबद्ध

- उज्ज्वला लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का किया गया वितरण
- लाभार्थियों को वितरित किये गये प्रतीकात्मक चेक

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उज्ज्वला गैस योजना के लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण किया, जिसका सजीव प्रसारण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया गया। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को 569.50 रुपये की राशि का सब्सिडी प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कटरा विधायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उज्ज्वला योजना ने ग्रामीण एवं जरूरतमंद परिवारों, विशेषकर महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर उपजिलाधिकारी विनीत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह तथा एआरओ शिव प्रकाश तिवारी, रवींद्र सिंह, उज्ज्वला योजना के नोडल अवसर चेतन शर्मा पूर्व निरीक्षक सुनील दिवाकर जुगल किशोर, मनोज सिंघानिया, दिलीप कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।



लाभार्थी को चेक देती डीएम व विधायक बावन सिंह। ● अमृत विचार

**दिखायी मेधा** | आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को 9 से 12 तक मिलेगी छात्रवृत्ति

# राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में 250 छात्र सफल

**गोंडा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद के 250 मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी मेधा का परचम लहराया।

यह एक सरकारी छात्रवृत्ति परीक्षा है, जिसके माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक प्रति वर्ष 12,000 (1,000 प्रतिमाह) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस आर्थिक सहयोग से विद्यार्थियों को अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने में सहायता मिलती है। मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर के अंशिमा वर्मा, प्रियांशु, आकाश कुमार, अमित कुमार, मनीशा वर्मा, माधुरी देवी, निशा देवी, महेक, आरुशी कौशल व नेहा ने इस परीक्षा में बाजी मारी है। स्कूल के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह समेत तमाम शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी है। छपिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय चटकनवा के प्रशांत यादव, अश्वनी कुमार व रितिका ने सफलता हासिल की है। बेलसर के कंपोजिट विद्यालय चिरेबसना के प्रिंस शुक्ला और अंकिता शुक्ला ने राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में सफलता हासिल की है। बच्चों की सफलता पर बीएसए अमित सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पांडे, प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह, शिक्षक अखिलेश कुमार, महेश कुमार, ग्राम प्रधान बच्चा राम, सुरेंद्र तिवारी एवं अरुण तिवारी सहित अन्य लोगों ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### बेलवानोहर के दो बच्चों ने बढ़ाया सम्मान

**परसपुर, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवानोहर के दो छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के शिक्षक मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि कक्षा आठ के दो बच्चों नवनीत विश्वकर्मा और आदर्श ने सफलता प्राप्त की है। बच्चों की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रभूषण पांडेय, प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, महेश कुमार, बच्चाराम सुरेंद्र तिवारी, अरुण तिवारी आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


नवनीत।


आदर्श।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

**गोंडा, अमृत विचार :** एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपायों तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की जानकारी दी। टीमों ने उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवागमन के दौरान आने वाली परेशानियों पर चर्चा कर समाधान का भरोसा दिलाया। महिलाओं से फीडबैक फॉर्म भी भरवाए गए, जिनके आधार पर संवेदनशील एवं हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए गए मनचलों को एण्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा रेड कार्ड जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। टीमों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। साथ ही 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 102 स्वास्थ्य सेवा नंबरों की जानकारी दी गई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के कोचवा गांव में बाबा पाटनदीन स्मारक इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कटरा बाजार के प्रमुख प्रतिनिधि भवानीभीख शुक्ल व सिद्धिविनायक महाविद्यालय पिपरा बाजार के संस्थापक डॉ. ओपी मिश्र ने किया। कार्यक्रम में खुशी, शिवानी, ललित, रिचा, दीक्षा, संदीप सिंह, हंसिका, अरविंद, ज्योति, रुचि, मुस्कान, नैंसी, लक्ष्मी, राजनंदनी, काजल, मधु आदि ने नाटक, एकांकी व संस्कृत गीत प्रस्तुत किया। आगंतुकों का विद्यालय के संरक्षक दिलीप मिश्र ने आभार व्यक्त किया। गायत्री विद्यापीठ महाविद्यालय रसिया के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ दिव्य दर्शन तिवारी, शिव बहादुर मिश्र, उपेंद्र मिश्र, विनय कुमार पाठक, कृष्ण मोहन तिवारी, श्रवण कुमार शुक्ल, मानस तिवारी, माही, रागिनी सिंह, चंचल मिश्र, लक्ष्मी शर्मा, जितेंद्र मिश्र, कमलेश्वर पाठक, दिवाकर पांडेय, सफदर अली, आज्ञाराम, सत्य प्रकाश मिश्र, देवनारायण तिवारी, अवनीश पांडेय, मदन मोहन तिवारी, मलखान, श्याम किशोर पांडेय, आलोक पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# होली का छाया खुमार, रंगों की रौनक से सजा बाजार

## विभिन्न समितियों ने पूरी की होलिका दहन की तैयारी, नगर पालिका स्वच्छता और जलापूर्ति के लिए किये विशेष प्रबंध

उल्लास

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** होली के रंग में पूरा शहर डूब गया है। बाजारों में रंग-बिरंगी पिचकारियों, गुलाल और त्योहार से जुड़ी सामग्री की भरमार है। बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां खास आकर्षण बनी हुई हैं। अनार, त्रिशूल और हथौड़ी डिजाइन की पिचकारियों के साथ रंग की गोलियां दागने वाली खिलौना गन भी खूब बिक रही है। मोटू-पतलू और छोटा भीम के मुखौटे बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं।

त्योहार को देखते हुए मेवा, कचरी और पापड़ की दुकानों पर भी रौनक है। कपड़ा बाजार और शोरूम में ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष छूट और ऑफर दिए जा रहे हैं। दो मार्च को होने वाले होलिका दहन के लिए विभिन्न समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से निर्धारित स्थलों पर लकड़ियों की व्यवस्था की जा रही है।



बाजार में कपड़ों की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



दुकान से रंग और अबीर-गुलाल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

### रासायनिक व हानिकारक रंगों से रहें दूर, हर्बल रंगों का करें प्रयोग : सीएमओ

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली के पावन पर्व को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण में मनाने के लिए के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने नागरिकों से रासायनिक व हानिकारक रंगों से परहेज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाजार में उपलब्ध कई रंगों में हानिकारक रसायन मिले होते हैं, जो त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र के लिए नुकसानदेह साबित हो सकते हैं। सीएमओ डॉ. रस्तोगी ने बताया कि केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से एलर्जी, त्वचा संक्रमण, आंखों में जलन तथा सांस संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को ऐसे रंगों से दूर रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से प्राकृतिक व हर्बल रंगों के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, इसे सुरक्षित ढंग से मनाना सभी की जिम्मेदारी है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने सलाह दी कि होली खेलते समय आंखों और मुंह की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। यदि किसी को रंग से एलर्जी या जलन हो तो तुरंत साफ पानी से धोकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने, पानी की बर्बादी से बचने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

**परीक्षा केंद्रों पर भी दिखा होली का उत्साह :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं जारी होने के बावजूद छात्रों में त्योहार का उत्साह कम नहीं दिखा। शनिवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद कई केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज और डीएवी इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों पर होली है के नारों से माहौल रंगीन हो गया।

**नगर पालिका ने की विशेष तैयारियां :** होली के दौरान स्वच्छता, बिजली और पेयजल व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए नगर पालिका ने विशेष प्रबंध किए हैं। चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि होलिका दहन स्थलों पर लकड़ियों के साथ गुलाल की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने नगरवासियों से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए बढ़ीं बसें

त्योहार पर बाहर काम करने वाले लोग घर लौट रहे हैं। जिससे बसों और ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू कर दिया है। रोडवेज डिपो में कुल 95 बसें हैं जिनमें अनुबंधित और निगम की बसें शामिल हैं। लखनऊ, कानपुर, दिल्ली, बनारस और प्रयागराज मार्गों पर बसों की संख्या और फेरे बढ़ाए गए हैं। कानपुर रूट पर बसें 12 से बढ़ाकर 15 कर दी गई हैं, लखनऊ मार्ग पर 20 से 22, दिल्ली मार्ग पर 10 से 12, प्रयागराज पर दो से चार और बनारस मार्ग पर एक से दो बसें चलाई जा रही हैं। गोंडा, बहराइच और उतरौला जैसे मार्गों पर भी अतिरिक्त फेरे लगाए गए हैं। तुलसीपुर से बढ़नी रूट पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए सेवाएं बढ़ाई गई हैं। त्योहार के मद्देनजर चालक और परिचालकों को प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की गई है।

### देवीपाटन परिक्षेत्र पुलिस की वर्चुअल गोष्ठी त्योहारों को लेकर सुरक्षा के सख्त निर्देश



वर्चुअल बैठक के दौरान मातहतों को निर्देश देते पुलिस महानिरीक्षक।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** आगामी होली, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, रमजान व ईद को सकुशल संपन्न कराने के लिए देवीपाटन परिक्षेत्र पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल गोष्ठी की। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, आपसी सौहार्द बनाए रखने व असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जुलूस एवं शोभायात्राएं निर्धारित मार्ग व समय से ही निकलें, इसके लिए विशेष निगरानी रखने को कहा गया। होली जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी तथा वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, अवैध शराब पर रोक, बिना अनुमति डीजे व लाउडस्पीकर के प्रयोग पर कार्रवाई तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर सख्ती बरतने को कहा गया। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी मंदिर मेले के दौरान कंट्रोल रूम, पार्किंग, बैरियर व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को सक्रिय पुलिसिंग, जनसंवाद व खुफिया तंत्र मजबूत कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य मेलों में 1671 मरीजों को मिला उपचार



मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ और अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1671 मरीजों को उपचार मिला। लाभार्थियों में 783 पुरुष, 698 महिलाएं और 190 बच्चे शामिल रहे। मेलों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण तथा नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई और बलदेव नगर में आयोजित मेलों का निरीक्षण किया।

### जश्ने क़ुरान किया गया आयोजित



करनैलगंज में तरावीह में शामिल होते रोजेदार। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** रमजान को सभी महीनों में सबसे पाक और पवित्र महीना माना जाता है। इस महीने के तीन अशरे होते हैं—पहला अशरा रहमत का होता है, जिसमें अल्ला ह की रहमत की विशेष बरकत मानी जाती है। नगर की अधिकांश मस्जिदों में पहले अशरे में ही क़ुरान के दौर का समापन हुआ। मोहल्ला नई बाजार स्थित यतीम खाना सफविया मस्जिद में हाफिज अशरफ रज़ा ने तरावीह में पूरे क़ुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की। वहीं मदरसा अरबिया इस्लामिया खादिमुल उलूम में मुफ़्ती परवेज अख्तर ने उम्दा अंदाज़ में क़ुरान पाक सुनाया। दौर-ए-क़ुरान की तकमील के बाद जश्ने क़ुरान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सगीर अहमद सिद्दीकी ने नात-ए-पाक से की। संचालन अकील अहमद ने किया। इस अवसर पर इमामे ईदैन शमीम अहमद मुफ़्ती परवेज अख्तर ने शिक्षा की अहमियत पर विस्तार से बोलते हुए नौजवानों को जागरूक किया। उन्होंने सामाजिक भाईचारे और आपसी सद्भाव बनाए रखने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में मिल्लत की बेहतरी, अमन-चैन और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई गई। इस मौके पर वसीम अहमद, जहांगीर अशरफ, अनीस अहमद, आरिफ बब्लू, नसीरुद्दीन, परवेज, नूर फैज़, नूर फ़राज, नूरूल हुदा, अल्ताफ, अब्दुल्ला आबिद, सैफ, जुनैद उर्फ रॉबी, आमिल, शफीक समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मजदूर सभा ने पालिका की कार्रवाई का किया विरोध

**बलरामपुर, अमृत विचार :** समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने नगर पालिका परिषद की ओर से मीट व्यापारियों पर की जा रही कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण और तानाशाही करार दिया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यापारियों की दुकानों को डरा-धमकाकर बंद कराया जा रहा है और कुछ को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना और वैधानिक प्रक्रिया अपनाए की जा रही कार्रवाई से सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। अधिकांश प्रभावित व्यापारी कमजोर वर्ग से हैं, जिनका एकमात्र आय स्रोत यही व्यवसाय है।

विशाल श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन से नगर पालिका के आदेश को तत्काल निरस्त कराने की मांग की है। साथ ही कथित प्रताड़ना की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और भविष्य में किसी भी कदम से पहले नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि संगठन प्रभावित व्यापारियों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में हुई दुष्कर्म की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 27 फरवरी की बताई जा रही है, जब एक नाबालिग के साथ कुआनों जंगल क्षेत्र के पास वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मोनू उर्फ मकसूद अली को श्रीनगर जुआथान स्थित मनिकाकोट नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन व नकद राशि बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अपनी बड़ाई में व्यस्त है सरकार

पीडीए जनचौपाल




पीडीए कार्यालय में उपस्थित सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सपा नेता हफीज मलिक के नेतृत्व मे गौरा चौकी बाजार स्थित पीडीए जनसंपर्क कार्यालय पर जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर सपा के नीतियों एवं निर्देशों सहित अन्य जानकारी को प्राप्त किया। जनसभा को सम्बोधित करते हूए सपा नेता हफीज मालिक ने कहा कि आज भाजपा सरकार ब्राह्मण समाज का हनन कर रही है। जनता परेशान है लेकिन सरकार अपने गुणगान गाने में व्यस्त है। सपा की सरकार थी तो हर जगह विकास हुआ। हमारी सरकार द्वारा प्रदेश में डायल 100, 108, एम्बुलेंस सेवा सहित इंटर उत्तीर्ण स्कूली बच्चों को लैपटॉप वितरण सहित कई विकास कार्य किये गये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि लोगों के नाम मतदाता लिस्ट में नाम जोड़वाने का काम करें।

## दुकान में आग से हजारों का नुकसान

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी पुस्तकें, कापियां व अन्य सामान जलकर राख हो गया। वेदपुर माफी के महेश पांडे शास्त्री की स्टेशनरी की दुकान है। देर रात दुकान में आग लगने से दुकान में रखी कापी किताब व अन्य सामान जल गयीं। महेश पांडे ने बताया कि आग लगने से दुकान में काफी नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने रात में फोन से सूचना दी। पड़ोसियों ने आग बुझा ली। आग का कारण लोग शार्ट सर्किट का अनुमान लगा रहे है। गनीमत रही कि पड़ोस की दुकानों को नुकसान नहीं हुआ।

## केजीएमयू में घायल बालक का हो रहा इलाज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** तहसील तुलसीपुर अंतर्गत विकास खंड गैंसडी के ग्राम मुतेहरा (थारू जनजाति क्षेत्र) में विद्युत दुर्घटना में एक बालक के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।

घायल बालक का उपचार केजीएमयू, लखनऊ में चल रहा है। प्रशासन लगातार चिकित्सकीय प्रगति की मॉनिटरिंग कर रहा है तथा परिजनों से संपर्क बनाए हुए है। बालक के बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है और उपचार का संपूर्ण खर्च प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा। घटना के संबंध में अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। जांच में सामने आया कि 11 केवी की चंदनपुर लाइन जो बनकटवा व मुतेहरा से होकर सोनगढ़ा तक जाती है, लगभग 20 वर्ष पुरानी है। जर्जर तार एवं पोल बदले जाने की जानकारी मिली है, तथा लाइन में कोई नया परिवर्तन या अतिरिक्त निर्माण कार्य नहीं पाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घटना की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जा रही है, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

## कौड़िया थानाध्यक्ष हटाए गए, जितेंद्र को मिली कमान

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रशासनिक, जनहित को दृष्टिगत रखते हुए दो निरीक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की ओर से जारी आदेश में निरीक्षक तेजप्रताप सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना कोड़िया के पद से हटाकर प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ में तैनात किया गया है। वहीं निरीक्षक जितेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक थाना कोड़िया बनाया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित निरीक्षकगण तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें।

## लापता व्यक्ति की करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

**बलरामपुर, अमृत विचार :** लापता व्यक्ति की करोड़ों की जमीन फर्जी वरासत और बैनामे के जरिए हड़पने के आरोप में पुलिस ने तीन लेखपालों सहित 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ है।

रेहरा निवासी हवलदार तिवारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके भाई परमेश्वरदत्त वर्ष 2000 में तीर्थ यात्रा के दौरान लापता हो गए थे। उनकी जमीन ग्राम सोनापार, किरतापुर और रेहरा में स्थित है, जिसकी वर्तमान कीमत करोड़ों में है। आरोप है कि इस स्थिति का लाभ उठाकर अधिवक्ता राज किशोर मिश्र ने लेखपालों से मिलीभगत कर परमेश्वरदत्त को मृत दर्शाते हुए फर्जी वरासत दर्ज करा दी।

एफआईआर में राज किशोर मिश्र, उनकी पत्नी सुमन, पूर्व प्रधान संतराम, जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाल यादव, विमला देवी, ज्ञान प्रसाद, दीपक उर्फ पप्पल व तीन अज्ञात लेखपाल नामजद हैं। दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### सम्मेलन में महिला सुरक्षा व स्वावलंबन पर जोर

**गोंडा, कार्यालय, अमृत विचार :** रविवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। थाना इटियाथोक क्षेत्र में आयोजित सम्मेलन में क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने महिलाओं, युवतियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्यों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता पर विशेष बल देते हुए संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आपात स्थिति में 1090, 181, 112, 1098 व 1930 हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल संपर्क करने की अपील की गई। सम्मेलन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने आत्मरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्कता, दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशा उन्मूलन तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जागरूक किया। कार्यक्रम में सास, बहू और बेटियों के बीच सामुदायिक संवाद को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को अपनी समस्याएं खुलकर रखने का अवसर दिया गया। जनपद के अन्य थाना क्षेत्रों में भी प्रभारी निरीक्षकों एवं महिला बीट अधिकारियों द्वारा इसी प्रकार सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

### सेवानिवृत्त होमगार्ड के सम्मान में समारोह आयोजित

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश होमगार्ड अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को बागेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण, बलरामपुर रोड इटियाथोक में सेवानिवृत्त होमगार्ड का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कंपनी इटियाथोक के सेवानिवृत्त होमगार्ड उमा प्रसाद मिश्रा, श्रीराम दूबे, जनार्दन प्रसाद शुक्ला, रामेश्वर प्रसाद सैनी एवं लालमणि मिश्रा को अंगवस्त्र, शाल, मिष्ठान और धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया गया ।समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेन्द्र अंकम ओझा ने की, जबकि संचालन सुरेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीओ अयोध्या प्रसाद ओझा बलरामपुर तथा समाजसेवी अनिल द्विवेदी इटियाथोक उपस्थित रहे। अतिथियों ने सेवानिवृत्त जवानों की दीर्घ सेवा की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि होमगार्ड जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का परिचय दिया। कार्यक्रम के आयोजन में सुरेश कुमार पाण्डेय की विशेष भूमिका रही तथा सभी जवानों का सहयोग रहा। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर हरीराम, विजय शंकर शुक्ल, रामबरन पाण्डेय, रामकुमार शुक्ला, अजय कुमार तिवारी, लक्ष्मीधर तिवारी, बब्बन वर्मा, रामसूरत गौतम, सुरेश चन्द्र दूबे, रामजग पाण्डेय, आरक्षी प्रमोद यादव व शनिदेव मंदिर के महंत आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम — संस्थापक सप्ताह का भव्य रूप से किया गया समापन

## कला संकाय ने चौथी बार जीती वैजयंती ट्रॉफी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज में आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन शनिवार देर शाम अंतरसंकाय विविधा प्रतियोगिता के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा।



समारोह में कव्वाली पेश करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो. जे. पी. पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह एवं सांस्कृतिक निदेशक प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

एकल गायन में कला संकाय की मानसी चौहान ने "सत्यम शिवम सुंदरम" की प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएड संकाय के मोहम्मद लारेब द्वितीय तथा विज्ञान संकाय के सौम्य पाण्डेय तृतीय रहे। समूह गायन में "दमा दम मस्त कलंदर" की दमदार प्रस्तुति के साथ कला संकाय ने बाजी मारी।

एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिताओं में भी कला संकाय का दबदबा रहा। पांच में से चार स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर कला संकाय ने 47 अंकों के साथ लगातार चौथी बार ओवरऑल चैंपियन बनकर चल वैजयंती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विज्ञान संकाय 34 अंकों के साथ द्वितीय एवं बीएड 19 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेन्द्र कुमार चौहान एवं डॉ. आनंद कुमार वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 1154 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 / ई–निविदा /2025–26 दिनाक :– 28/02/2026

**ई-निविदा सूचना पत्र**

**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रण :–**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की समस्त नियम /शर्ते व निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya. in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 07/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 23/03/2026 सायंकाल 05: 00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 24/03/2026 को 12:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा आमंत्रण | जमानत धनराशि रुपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T. सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम अयोध्या के परिसर में स्थित जेनरेटर रूम में लगे 125 के वी0ए0 जेनरेटर में ट्रॉली लगाने तथा उक्त जेनरेटर का मरम्मत एवं सर्विसिंग का कार्य । | प्रथम ई–निविदा | 51,850.00 | 620.00 | 30 दिवस |
| 02 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन 1 अयोध्या धाम के परमहंस रामचन्द्र दास वार्ड में 04 नग हैण्डपम्पों का रिबोरिंग कार्य । | प्रथम ई–निविदा | 21,650.00 | 260.00 | 30 दिवस |
| 03 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत 08 नग ओवर हेड टैंक एवं 08 नग सी0डबलू0आर0 के भूमिगत जलाशय की सफाई का कार्य । | द्वितीय ई–निविदा | 39,600.00 | 470.00 | 60 दिवस |
| 4 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन– 1 अयोध्या धाम के चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग से विस्थापित हैण्डपम्पों का पुर्नस्थापित कार्य। | द्वितीय ई–निविदा | 81,100.00 | 960.00 | 45 दिवस |
| 5 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत हनुमत नगर वार्ड के विभिन्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य । | द्वितीय ई–निविदा | 84,610.00 | 1000.00 | 60 दिवस |
| 06 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन 1 अयोध्या धाम के कार्यालय जलकल विभाग परिसर में 02 नग एम0एस0 टैंकर (टैंक क्षमता. 5000 लीटर) के मरम्मत कार्य । | तृतीय ई–निविदा | 33,810.00 | 400.00 | 30 दिवस |

**अधिशाषी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

# जरवल रोड में होली-रमजान में दिख रहा सौहार्द

## कई गांवों में विभिन्न समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देकर कायम की मिसाल


डॉ. जहीर आलम।


डॉ. जसविंदर कौर।


रजनी वर्मा।


कमाल।


अर्चना पांडे।


ओमकार गुप्ता।

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** इस वर्ष पावन होली और मुबारक महीने रमज़ान का संयोग क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। नगर और आसपास के गांवों में विभिन्न समुदायों के लोग एक-दूसरे को बधाई देकर प्रेम, सम्मान और भाईचारे का संदेश दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों पर्वों को लेकर आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखने की सभी लोगों से अपील की है।

होली व रमजान पर्व को लेकर डॉ. जहीर आलम सिद्दीकी ने बताया कि भारत की पहचान "विविधता में एकता" है। होली और रमज़ान का एक साथ आना हमारी साझा संस्कृति और गंगा-जमुनी तहज़ीब की मजबूती को दर्शाता है।

जरवल रोड निवासी चिकित्सक डॉ. जसविंदर कौर ने कहा कि त्योहार तभी सार्थक होते हैं जब वे दिलों को जोड़ें। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि उत्सव के दौरान किसी की आस्था आहत न हो और सभी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

प्राथमिक विद्यालय जरवल रोड प्रथम की सहायक शिक्षिका रजनी वर्मा ने कहा कि बच्चों को भी यही शिक्षा दी जानी चाहिए कि सभी धर्मों का सम्मान करें और त्योहारों को मिलजुलकर मनाएं।

जरवल कस्बा निवासी समाजसेवी कमाल का कहना है कि रमज़ान संयम, त्याग और करुणा का महीना है। वहीं होली उल्लास और आपसी मेलजोल का पर्व है। दोनों पर्व मिलकर समाज को एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं।

पीएम श्री विद्यालय भौली जरवल की शिक्षिका अर्चना पांडे ने कहा कि होली का अर्थ ही है मन के भेदभाव को जलाकर प्रेम के रंग में रंग जाना। उन्होंने कहा कि यदि रमज़ान में रोज़ेदार भाई इफ्तार पर गुझिया स्वीकार करें, तो यह आपसी सम्मान और सद्भाव का प्रतीक होगा।

ओमकार गुप्ता का कहना है कि यदि हम एक-दूसरे के त्योहारों में सहभागी बनें, तो समाज में विश्वास और भाईचारा स्वतः मजबूत होगा।

इनके अलावा क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह संयोग केवल तिथियों का मेल नहीं, बल्कि दिलों के मिलने का अवसर है। होली की उमंग और रमज़ान की पवित्रता साथ मिलकर जरवल रोड क्षेत्र में सौहार्द और सद्भाव की नई मिसाल कायम कर रही है।

### होली व रमजान को लेकर पुलिस, वॉलंटियर की बैठक में शांति और सौहार्द का लिया संकल्प

**जरवल रोड (बहराइच)।** आगामी होली और रमज़ान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में पुलिस वॉलंटियरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंहने की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी वॉलंटियरों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान पूर्ण सहयोग प्रदान करें और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि होली व रमज़ान जैसे पावन अवसर सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देते हैं, इसलिए सभी की जिम्मेदारी है कि इन पर्वों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। वॉलंटियरों से स्पष्ट रूप से कहा गया कि वे स्वयं मदिरापान से दूर रहें तथा होलिका दहन और होली जुलूस के दौरान अन्य लोगों को भी शराब का सेवन न करने के लिए प्रेरित करें, ताकि माताएं-बहनें और बच्चे बिना किसी भय के त्योहार का आनंद ले सकें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी वॉलंटियर अपने-अपने गांव व मोहल्लों में अफवाहों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी दें। होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने तथा होली के जुलूस को पुलिस के समन्वय से सुरक्षित तरीके से निकालने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि किसी भी जुलूस या आयोजन में ऐसा कोई भड़काऊ गीत, नारा या टिप्पणी न की जाए जिससे किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत हों। बैठक के अंत में पुलिसकर्मियों और वॉलंटियरों ने मिलकर थाना क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करने तथा दोनों पर्वों को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि शराब के नशे में त्योहार न मनाएं, बल्कि परिवार—पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन और बच्चों—के साथ शांतिपूर्ण और सामाजिक मर्यादा में रहकर पर्व की खुशियां साझा करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि सहयोग करने वालों का स्वागत किया जाएगा।

## पयागपुर में मिलावटी मिठाइयों का स्टॉक कराया गया नष्ट


मिठाई की दुकान पर छापे के दौरान कार्रवाई करते अधिकारी। अमृत विचार

पयागपुर (बहराइच)

**कार्रवाई**

**अमृत विचार।** होली के त्योहार पर मिलावटखोरों द्वारा जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को पयागपुर तहसील क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध और अपमिश्रित पाई गई मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट कराया गया।

उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमर सिंह वर्मा के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने पयागपुर के विभिन्न मिष्ठान प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। टीम के पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान जिन दुकानों पर मिठाइयों की गुणवत्ता खराब मिली या मिलावट की पुष्टि हुई, उन्हें तुरंत फिंकवा दिया गया

अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान मुनाफे के चक्कर में लोगों की सेहत से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जनपद में जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा। यदि किसी भी प्रतिष्ठान में दोबारा मिलावटी खाद्य पदार्थ पाए जाते हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान में लगी आग से गृहस्थी खाक

**बहराइच:** देहात कोतवाली इलाके में स्थित बंजारी मोड इलाके में रविवार की दोपहर एक मकान में आग लग गई। लोगों ने आग लगने की सूचना गृह स्वामी को दी। जानकारी पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, अग्निकांड में नकदी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। अखिलेश तिवारी अपने परिवार एक साथ बंजारी इलाके में रहते हैं। रविवार दोपहर वह घर को बंद कर अपने सुसराल के लिए निकले थे। इसी दौरान उनके मकान में आग लग गई, पड़ोसियों की सूचना पर वह मौके पर पहुंचे। अग्निकांड की सूचना पर फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंच काबू पाया। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। अखिलेश ने बताया कि अग्निकांड में 90 हजार की नकदी समेत छह लाख से अधिक की संपत्ति खाक हो गई है।

### जीप से टकराई बाइक, युवक घायल

**जरवल रोड (बहराइच):** बहराइच-लखनऊ मार्ग पर तपेसिपाह गांव के सामने शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। मोटरसाइकिल चालक दानवीर सिंह पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी कैथौली, थाना कर्नलगंज जनपद गोंडा, ने आगे चल रही एक जीप में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही जरवल रोड पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद भिजवाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### आपस में बाइकें भिड़ीं दो लोग गंभीर

**बहराइच।** मोतीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मझरा जाने वाली सड़क पर दो बाइको की आमने सामने की टक्कर में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पंहुचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी मोतीपुर पंहुचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। गिरगिट्टी निवासी अखिलेश 24 पुत्र अमेरिका अपने बाइक से मंझरा से घर को लौट रहे थे। तो वहीं दीपक पुत्र नंदलाल 22 वर्ष ललतूपुरवा मंझरा अपनी बाइक से घर जा रहे थे। इस दौरान लगभग रात 8:00 बजे मंझरा गिरगिट्टी मार्ग पर दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। आनन फ़ानन में दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### नानपारा में मुक्त कराई गई 24 बीघा जमीन

**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान अब तक 24 बीघा ज़मीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। बताया कि वर्तमान समय में नो मैन्स लैण्ड पर कोई भी अतिक्रमण नहीं है। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कुल चिन्हित 366 अतिक्रमण के सापेक्ष अब तक 212 मामलों में 1.863 हेक्टेयर भू-भाग जो कि लगभग 24 बीघा सरकारी ज़मीन पर से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवशेष चिन्हित 118 प्रकरणों के सापेक्ष मा. न्यायालयों में वाद प्रचलित होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है।

## चक्की के पट्टे में फंसकर गई युवक की जान

सिरसिया (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** सिरसिया क्षेत्र के ग्राम परसा देवतहा निवासी अजमेर (30) की शनिवार देर शाम चक्की के पट्टे में फंसकर मौत हो गई। मृतक गांव में ही एक चक्की पालेसर पर मजदूरी करता था।

मृतक के भाई सोहराब ने बताया कि उसका भाई गांव में भी राजेंद्र पासवान के चक्की पालेसर के कारखाने पर काम करता था। शनिवार देर शाम वह इंजन पर पट्टा चढ़ा रहा था, तभी उसका हाथ पट्टे में फंस गया। लोग जब तक कुछ समझ पाते और उन्हें बचाने का जतन करते तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने इंजन बंद कर उल्हें पट्टे से छुड़ाया और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजन अजमेर को सीएचसी सिरसिया ले जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने रविवार को शव का पंचनामा भराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

**मार्ग दुर्घटना में युवक घायल, श्रावस्ती:** सिरसिया क्षेत्र के ग्राम उल्लहवा निवासी सांवल प्रसाद (30) शनिवार को पैदल बघौड़ा की ओर जा रहा था। तभी बघौड़ा-सिरसिया मार्ग पर वन कार्यालय के निकट किसी वाहन से वह टकरा गया। दुर्घटना में सांवल गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे एंबुलेंस से सिरसिया सीएचसी पहुंचाया, जहां पर हालत में सुधार न होने से चिकित्सकों ने उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। यहां पर भी स्थिति में सुधार न होने से चिकित्सकों ने उसे रविवार को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## सरयू नदी के पास मिला युवक का शव

खैरीघाट/बहराइच

**मचा हड़कंप**


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

**अमृत विचार।** बेलामकन गांव के पास स्थित सरयू नदी के भगहर में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े दस बजे खेतों की ओर गए किसानों ने पानी में उतराता हुआ शव देखा। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खैरीघाट थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक मारकंडे तिवारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया गया और उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि शव दो-तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पहचान के लिए आसपास के गांवों के लोगों से सहयोग लिया जा रहा है। फिलहाल पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं, तो कुछ इसे पैर फिसलने से डूबने की संभावना बता रहे हैं। हालांकि, पूरे मामले की सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि शव करीब 3 से 4 दिन पुराना लग रहा हो सकता है।

**सड़क किनारे झाड़ियों से मिला युवक का शव, श्रावस्ती:** साइकिल लेकर घर से निकले एक युवक की लाश सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद की गई। राहगीरों की नजर लाश पर पड़ी तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र ग्राम कोड़री के मजरा तिवारी पुरवा गांव निवासी पीतांबर (32) पुत्र राम सागर शनिवार शाम को साइकिल लेकर घर से भिनगा के लिए निकला था। लेकिन देर रात तक वह घर वापस नहीं लौटा। इस पर परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश करने लगे। काफी खोजबीन के बाद भी रात में उसका कहीं भी सुराग नहीं लगा। रविवार सुबह इसी कोतवाली क्षेत्र के वर्गी वर्गा गांव के पास जंगल से सटे हुए सड़क किनारे झाड़ियों में राहगीरों ने एक साइकिल व लाश पड़ी देखी। जिसकी पहचान तिवारी गांव निवासी पीतांबर के रूप में हुई। लोगों की ओर से परिजनों को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह पुलिस व फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### पीपा पुल बनते ही संजय सेतु का निर्माण शुरू होगा

**जरवल रोड (बहराइच)।** लखनऊ-गोंडा-बहराइच मार्ग पर घाघरा नदी के ऊपर बना 42 वर्ष पुराना संजय सेतु जल्द ही मरम्मत कार्य के लिए बंद किया जाएगा। सेतु की मरम्मत के लिए 3 करोड़ 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है। मरम्मत कार्य पीपा (पॉन्टून) पुल के निर्माण पूर्ण होने के बाद प्रारंभ किया जाएगा। जैसे ही पीपा पुल पर आवागमन शुरू होगा, तत्काल प्रभाव से संजय सेतु पर मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। इस संबंध में अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि मरम्मत से संबंधित उपकरण, सामग्री, जेसीबी मशीन इंजीनियरिंग टीम और अन्य संसाधन संजय सेतु स्थल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। विभाग पूरी तरह तैयार है और केवल पीपा पुल पर यातायात शुरू होने की प्रतीक्षा की जा रही है। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात को वैकल्पिक रूप से पीपा पुल से छोटे वाहन कार मोटरसाइकिल आदि संचालित किया जाएगा, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भारी वाहन ट्रक डंपर ट्रेलर आदि वाहनों का डायवर्सन होगा।

### सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा करें : डीएम

**बहराइच, अमृत विचार।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेबिल अधिकारियों के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम की समीक्षा बैठक में विशेष रूप से विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अधिकारी के कार्यों की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि इन सभी अधिकारियों की सुनवाई का प्रतिशत 60 प्रतिशत से कम है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नो मैपिंग के सम्बन्ध में जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात किये गये अतिरिक्त अधिकारियों, सुपरवाईज़र्स व बूथ लेबिल अधिकारियों से समन्वय कर कार्यों को तेज़ी के साथ समय से पूरा करायें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार मौजूद रहे।


समीक्षा बैठक के दौरान डीएम व अन्य।

## भारत-नेपाल सीमा आज रात 12 बजे से सील

संवाददाता, रूपईडीहा (बहराइच)

- नेपाल के संसदीय चुनाव के मद्देनजर लिया गया निर्णय


निरीक्षण के दौरान मौजूद महानिरीक्षक एसएसबी रतन संजय व अन्य।

**अमृत विचार।** पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में आगामी संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिरीक्षक रतन संजय ने सीमा क्षेत्र रूपईडीहा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का विधिवत जायजा लिया।

आईजी रतन संजय ने सीमा पर पहुंचकर एसएसबी अधिकारियों के साथ बैठक की और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण करते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों, स्कैनर मशीनों तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली को परखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के प्रत्येक पहलू की गहन समीक्षा करते हुए सीमा सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने स्पष्ट किया कि नेपाल में होने वाले चुनाव के मद्देनजर 2 मार्च की रात 12 बजे से भारत-नेपाल सीमा को पूर्णतः सील कर दिया जाएगा। यह प्रतिबंध चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि 5 मार्च की रात 12 बजे चुनाव संपन्न होने के उपरांत सीमा को पुनः आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान न तो नेपाल से भारत में प्रवेश की अनुमति होगी और न ही भारत से नेपाल जाने की अनुमति दी जाएगी। आईजी ने सीमा को पूरी तरह बंद रखने के निर्देश देते हुए जवानों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोका जा सके। इस अवसर पर एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत, असिस्टेंट कमांडेंट शिवम कुमार सहित एसएसबी के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## होली में अलर्ट मोड पर रहेगा पुलिस व स्वास्थ्य महकमा

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** होली पर्व को लेकर घर से बाजार तक चहल पहल दिख रही है। लोग अपनी-अपनी जरूरतों के हिसाब से खरीदारी में व्यस्त नजर आ रहे हैं। वहीं, रंग-गुलाल की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है, यहां बच्चे थॉर का हथौड़ा व हनुमान जी की गदा को खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

उल्लास व उमंग का पर्व होली बुधवार को मनाई जाएगी। इसके लिए लोग तैयारियों में जुटे हैं। बाजार भी ग्राहकों की आमद से गुलजार हो रहे हैं। बाजार में चाहे रंग गुलाल की दुकान हो या कपड़े.की दुकान, किराने की दुकान हो या मिठाई की दुकान हर जगह लोगों की भीड़ उमड़ती दिख रही है।

पंडित शेरबहादुर तिवारी ने बताया कि होलिका दहन के लिए तीन मार्च को शाम 06:22 बजे से रात 08:50 बजे तक शुभ मुहूर्त है। इसी मुहूर्त में होलिका दहन करना शुभ माना जा रहा है। वहीं सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि होली पर्व पर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहेगा। सीएचसी व जिला अस्पताल में चिकित्सकों की ड्यूटी लगा दी गई है। उधर, एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि होलिका दहन के समय तैनात पुलिस व प्रशासन के कर्मी वीडियो रिकार्डिंग भी करेंगे। सभी थानों की पुलिस अलर्ट मोड में रहेगी।

### ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बहराइच, अमृत विचार।** मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल सीमा के समीप स्थित ग्राम गौरा पिपरा में सीमा जागरण मंच द्वार सीमा संवाद तथा ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा उर्फ सौरभ वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा यह संवाद केवल वक्तव्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमांत गांव के निवासियों की वास्तविक समस्याओं, आकांक्षाओं और संभावनाओं में सीधा विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। चर्चा में यह स्पष्ट रहा कि सीमावर्ती समाज केवल सीमा की रक्षा में सहभागी नहीं है बल्कि राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखने वाला संवेदनशील प्रहरी भी है। सीमा जागरण मंच के प्रांत महामंत्री अनिल कुशवाहा ने सीमा संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य, सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करना, स्थानीय निवासियों में राष्ट्र चेतना जगाना और सीमांत क्षेत्र के विकास व सामाजिक सांस्कृतिक स्थिरता को बढ़ावा देना आदि संगठन के कार्यों से लोगों को अवगत कराया। संगोष्ठी के माध्यम से सुरक्षा, समन्वय, विकास आंतरिक सुरक्षा, रिवर्स पलायन, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श हुआ। इस कार्यक्रम में सीमा जागरण मंच के अवध प्रांत संगठन मंत्री अमरनाथ, प्रांत सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य, सरदार गुरमीत सिंह, समाजसेवी सोमवर्धन पांडेय, राम किशोर वर्मा, जगोले वर्मा, रामनिवास, अशोक, भोला मिस्त्री, रामानुज, सुखदेव पांडे, हरिश्चंद्र पांडे, तेजपाल गौतम, हरिश्चंद्र मिस्त्री, पिन्टू शर्मा, सरदार अवतार सिंह, सरदार बलराज सिंह आदि रहे।


कार्यक्रम की शुरूआत करते मुख्य अतिथि व अन्य।

### आग से फूस के दो घर जले, लाखों को नुकसान

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** अग्निकांड की घटना में फूस के दो घर जलकर राख हो गए। जिसमें लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुर्गापुर केपी के मजरा नौशहरा गांव में गांव निवासी झिंगई पुत्र फाले के फूस के मकान में रविवार को आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बगल के सत्यराम पुत्र शोभा के फूस के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनों घर धू-धूकर जलने लगे। अग्निकांड की घटना देख गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीण एकत्र होकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन आग बढ़ती जा रही थी। लोगों की ओर से सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

### एक्सपोजर विजिट पर गए दो शिक्षक

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** पीएमश्री विद्यालयों में बेहतर शिक्षा प्रणाली लागू करने के लिए जिले के दो शिक्षकों को शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में एक्सपोजर विजिट पर भेजा गया है। इनमें पीएमश्री विद्यालय कटरा गुलरिहा से नीलमणि शुक्ल व पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय जमुनहा से राधा देवी को विजिट के लिए भेजा गया है। यह शिक्षक आईआईटी गांधीनगर, नर्मदा जिले के पीएमश्री विद्यालय अमलदा व पीएमश्री वीर सुखदेव प्राथमिक शाला का भ्रमण कराया जाएगा। इससे उन्हें विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षण कार्य, नवाचार तथा कार्य पद्धति का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

**समस्या** बाढ़ खंड के अधिकारियों ने श्रावस्ती विधायक के साथ जायजा लेकर दिया आश्वासन

# भुतहा गांव को कटान से बचाने के लिए बनेगा ठोकर

संवाददाता, श्रावस्ती


भूतहा गांव में ग्रामीणों से कटान की जानकारी लेते विधायक व अधीक्षण अभियंता।

**अमृत विचार।** इकौना के ग्राम किडिहौन के मजरा भुतहा को राप्ती की कटान से बचाने की कवायद शुरू कर दी गई है। बाढ़ खंड नवम मंडल बहराइच के अधीक्षण अभियंता व अधिशाषी अभियंता के साथ रविवार गांव पहुंचे श्रावस्ती विधायक ने मौका मुआयना कर अभी से कटान रोधी कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं अधीक्षण अभियंता ने हर हाल में ठोकर बनाकर व जिओ ट्यूब आदि के माध्यम से गांव में कटान रोकने का आश्वासन दिया। जबकि विधायक ने कहा कि गांव में कटान न हो इसके लिए जो भी संभव होगा प्रयास किया जाएगा।

इकौना का भुतहा गांव राप्ती नदी के कटान के मुहाने पर है। यहां राप्ती की लहरों ने विगत वर्ष आई बाढ़ में तीन भाइयों सहित छह लोगों के घरों को अपनी आगोश में समाहित कर लिया था। ऐसे में ग्रामीणों ने शनिवार को श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय से मिलकर गांव को कटान से बचाने की गुहार लगाई थी। विधायक के निर्देश के बाद रविवार को बाढ़ खंड नवम मंडल बहराइच के अधीक्षण अभियंता श्याम जी चौबे ने विधायक व अधिशाषी अभियंता बाढ़ खंड अखिलेश गौतम के साथ गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों व विधायक को गांव की समस्या से अवगत करते हुए गांव में बने प्राथमिक विद्यालय सहित लोगों के घरों को कटान से बचाने की अपील की। इस पर अधीक्षण अभियंता ने हर हाल में ठोकर बनाकर व जिओ ट्यूब आदि के माध्यम से गांव में कटान रोकने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि गांव में कटान न हो इसके लिए जो भी संभव होगा प्रयास किया जाएगा। होली बाद मै स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर गांव को कटान से बचने की अपील करूंगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चंद्र, बिन्नू तिवारी, बृजेश दुबे व बरसाती लाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### नाला निर्माण में अनियमितता का आरोप

**वीरगंज (श्रावस्ती), अमृत विचार।** जमुनहा क्षेत्र के ग्राम खजुरी के मजरा इटहिया जल निकासी को सुगम बनाने के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं, ग्रामीण मकबूल, मुबारक, ज़ाकिर, छोटकऊ और शब्बीर आदि ने नाला निर्माण में गुणवत्ताविहीन सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नाला निर्माण में पीले ईंट के रोड़ों का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नीव भरने के लिए बालू के बजाए रेतीली मिट्टी का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में नाला कुछ दिनों में ही टूट जाएगा और लोगों ने पहले से अधिक समस्या का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से नाला निर्माण कराने की मांग की है। बीडीओ जमुनहा वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो घायल

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना थाना क्षेत्र अंतर्गत इकौना धनुही मार्ग पर असनहा के पास शनिवार रात बाइक व साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बालानगर कोडरी निवासी राम विलास (47) पुत्र लउहर प्रसाद शनिवार रात इकौना बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के महगीलाल पुरवा निवासी निर्मल (25) पुत्र महादेव विश्वकर्मा सामने से बाइक लेकर आ रहे थे। असनहा के पास पहुंचते ही दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। परिजनों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने राम विलास को रेफर कर दिया।



ओशो का मानना था कि जब आप हंस रहे होते हैं, तब आप ईश्वर की इबादत कर रहे होते हैं।
–ओशो, दार्शनिक

## इस आग की आंच

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर किए गए संयुक्त हवाई हमलों ने न केवल मध्य पूर्व को युद्ध की आग में झोंक दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति के सामने एक अभूतपूर्व संकट भी खड़ा कर दिया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमलों ने इस संघर्ष को "सीधे टकराव" के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां से वापसी का रास्ता फिलहाल थोड़ा मुश्किल नजर आता है। यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान 'मानवता' और 'शांति' के आह्वान और उसकी प्रशंसा तथा स्वीकारोक्ति के ठीक बाद हुआ। जाहिर है यह किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि महीनों से तैयार एक सोची-समझी समीक्षित सैन्य रणनीति है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त करना और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने और अपने सहयोगियों के पक्ष में मोड़ना है, लेकिन 'सत्ता परिवर्तन' का ट्रंप प्रशासन का सपना खामनेई की मौत के बावजूद आसान नहीं है?

इतिहास गवाह है कि थोपे गए बदलाव अक्सर लंबे और विनाशकारी गृहयुद्धों में तब्दील हो जाते हैं। इस युद्ध का सबसे भयावह पहलू आर्थिक है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है, अब एक युद्ध क्षेत्र बन चुका है, इसके बाधित होने का अर्थ है तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना। हमारे लिए यह दोहरी मार का बायस बनेगा। अपनी जरूरत का 85-90 फीसद तेल आयात करने वाले भारत के लिए तेल महंगा होने का सीधा अर्थ है, परिवहन लागत में वृद्धि और खुदरा महंगाई। आयात बिल में वृद्धि और डॉलर की मांग मजबूत होने से रुपया कमजोर होगा, जिससे हमारा व्यापार घाटा बढ़ेगा। निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों में लगा रहे हैं, जिससे घरेलू बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी और इन धातुओं के दाम भी। इस वैश्विक संकट के बीच भारत की भूमिका 'सतर्क संतुलन' की रही है। भारत ने न तो किसी पक्ष का अंधा समर्थन किया है और न ही तटस्थता के नाम पर चुप्पी साधी है। भारत का रुख संवाद और शांति पर आधारित है, जो उसके दीर्घकालिक सामरिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। एक तरफ इजरायल के साथ हमारे रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों और ऊर्जा सुरक्षा की चिंता। ऐसे में भारत को संतुलित विदेश नीति पर कायम रखना होगा।

समय की मांग है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाए और एक मजबूत कूटनीतिक कवच तैयार करे। मध्य पूर्व का यह तनाव आने वाले महीनों में और गहरा सकता है। ऐसे में केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक लचीलापन और कूटनीतिक समझदारी ही भविष्य की दिशा तय करेगी। यह संघर्ष तीन देशों तक सीमित नहीं है, इसके चपेट में कई देश हैं। ऐसे में यह 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की दिशा में एक जोखिम भरा कदम है, जो अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और ऊर्जा राजनीति को फिर से परिभाषित करेगा। इस जंग की भीषण होती आग दिन-ब-दिन बढ़ी तो इसकी आंच तमाम देशों तक पहुंचेगी।

# तेहरान की आग और इतिहास की परछाइयां





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

पश्चिम एशिया की तप्त रेत पर आज जो रक्त-रंजित इबारत लिखी जा रही है, वह केवल दो या तीन राष्ट्रों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, वह उस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का संकट है, जिसने नियम बनाए भी और उन्हें अपने हितों के अनुसार तोड़ा भी। तेहरान के आसमान में उठी आग को यदि केवल एक सैन्य कार्रवाई माना जाए, तो यह इतिहास की लंबी पृष्ठभूमि को नजरअंदाज करना होगा। यह टकराव किसी एक निर्णय, किसी एक घटना या किसी एक नेता की सनक का परिणाम नहीं है। यह दशकों से जमा अविश्वास, हस्तक्षेप, वैचारिक टकराव और शक्ति-राजनीति की निरंतरता का विस्फोट है। अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद अब यह सत्ता-संक्रमण और रणनीतिक अनिश्चितता का भी प्रश्न बन गया है।

इस कहानी का निर्णायक आरंभ 1953 में होता है। डॉ. मोहम्मद मोसद्देक, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। उनका तर्क सीधा था कि ईरान का तेल ईरान की जनता का होना चाहिए। उस समय एंग्लो-ईरानियन ऑयल कंपनी ईरानी संसाधनों से भारी लाभ कमा रही थी। राष्ट्रीयकरण को लंदन और वाशिंगटन ने आर्थिक मतभेद नहीं, सामरिक चुनौती के रूप में देखा। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए और ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने मिलकर तख्तापलट की योजना बनाई। 19 अगस्त 1953 को मोसद्देक की सरकार गिरा दी गई। बाद में सार्वजनिक हुए अभिलेखों ने अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह उस सोच का प्रदर्शन था, जिसमें संसाधन और भू-राजनीति लोकतांत्रिक इच्छा से ऊपर रखे जाते हैं। यहीं से ईरान-अमेरिका संबंधों में अविश्वास की वह रेखा खिंची, जो कभी पूरी तरह मिट नहीं सकी। तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिकी समर्थन मिला। विकास और आधुनिकीकरण की योजनाओं के साथ राजनीतिक दमन भी गहराया। असहमति को कुचला गया। यही अंतर्विरोध 1979 की इस्लामी क्रांति में विस्फोटित हुआ। अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमेनी के नेतृत्व में शाह का पतन हुआ और इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। उसी वर्ष तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर कब्जा और 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाए रखना अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन था। किंतु इस घटना को 1953 की ऐतिहासिक स्मृति से काटकर नहीं समझा जा सकता। इसी कालखंड में ईरान और इजराइल के संबंधों ने निर्णायक मोड़ लिया। शाह के दौर में दोनों देशों के बीच व्यावहारिक संपर्क और अप्रत्यक्ष सहयोग मौजूद था। पर 1979 के बाद नई इस्लामी व्यवस्था ने इजराइल को वैध राज्य मानने से इनकार किया और फिलिस्तीनी प्रश्न को अपनी वैचारिक पहचान का केंद्र बना लिया। इजराइल केवल एक पड़ोसी देश नहीं रहा, वह एक वैचारिक प्रतिपक्ष बन गया। इस बदलाव ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक मतभेद से उठाकर अस्तित्व और पहचान के टकराव तक पहुंचा दिया।

1980 के दशक का ईरान-इराक युद्ध इस मानसिकता को और कठोर करता है। इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि अमेरिका ने उस समय इराक को राजनयिक व खुफिया सहयोग दिया। युद्ध में रासायनिक हथियारों का प्रयोग हुआ। इस अनुभव ने ईरान की सुरक्षा सोच में यह धारणा मजबूत की कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नैतिकता से नहीं, शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। इसके बाद ईरान ने परोक्ष शक्ति-प्रयोग की नीति अपनाई। लेबनान में हिजबुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को समर्थन मिला। इजराइल के लिए यह सीधा सुरक्षा-खतरा था। इजराइल ने सीरिया और अन्य स्थानों पर ईरान-समर्थित ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष वर्षों तक छाया में चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह टकराव खुलकर सामने आया। अप्रैल 2024 में, दमिश्क स्थित ईरानी परिसर पर हमले के बाद, ईरान ने सीधे इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे। 2025 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जो संघर्ष दशकों तक परोक्ष था, वह प्रत्यक्ष सैन्य मुठभेड़ में बदल गया। तनाव का सबसे संवेदनशील बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के पास लगभग 233 किलोग्राम उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम था, जो आगे बढ़ाए जाने पर कम समय में कई परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए पर्याप्त माना जाता है। यह केवल आशंका नहीं, निगरानी संस्था का दर्ज तथ्य था। निरीक्षण में सीमाएं और पारदर्शिता की कमी ने संदेह को गहरा किया। ईरान का तर्क है कि यदि क्षेत्र में अन्य देशों के पास परमाणु क्षमता है, तो उसे सुरक्षा का अधिकार क्यों नहीं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केवल अधिकार की भाषा से नहीं, विश्वास व पारदर्शिता से भी संचालित होती है।

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते हैं। इजराइल सुरक्षा की दुहाई देता है, पर उसकी कार्रवाइयां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून से परे नहीं हैं। आज तेहरान की जली इमारतें, सीमा पार दागी गईं मिसाइलें व बंकरों में शरण लेते परिवार यह बताते हैं कि महाशक्तियों की रणनीति का बोझ आम नागरिक उठाते हैं। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, समुद्री मार्ग अस्थिर होते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। शक्ति से नियंत्रण संभव है, स्थिरता नहीं, भय से चुप्पी मिल सकती है, भरोसा नहीं और जहां भरोसा टूटता है, वहां युद्ध केवल समय का प्रश्न रह जाता है। यही इस पूरे प्रसंग का सबसे कठोर, पर सबसे सटीक निष्कर्ष है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते है। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते है।

## आमने सामने



हम इस देश के दुश्मनों को खासकर अमेरिका और जायोनी शासन को यह बात समझा देंगे कि उन्होंने बड़ी गलती की है। यह हम अपने लोगों की ताकत, एकता और सहयोग के दम पर करेंगे। हम अपने उस बुद्धिमान और मजबूत नेता (खामेनेई) के खून की आखिरी बूंद तक चलते रहेंगे, जब तक दुश्मन हार न मान ले।
–ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी
सेना आर्मी चीफ, ईरान

ईरान ने अभी कहा है कि वे बहुत ऐसा जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं किया हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन्हें ऐसी ताकत से जवाब देंगे, जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।
– डोनाल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका



## प्रसंगवश

# विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है, तो विदेश जाना ही पड़ेगा, लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है, लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं, लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है, जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं, लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज तीनों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए योग्यता, आत्मनिर्भरता व सार्थक जीवन। यह सोच समाज में मजबूत होगी, शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नई पीढ़ी तक को सराबोर कर रहीं होली परंपराएं



अजय दयाल
हल्द्वानी

होली और हुड़दंग, दो शब्द अमूमन एक दूसरे के पर्याय ही माने जाते हैं। होली का आशय रंग और भंग से है, तो हुड़दंग का अर्थ रंग में भंग डाल देने से है। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों ने ही होली के कई उपनाम दे रखे हैं- कीचड़ वाली होली, कपड़ा फाड़ होली, गाली-गलौच वाली और तो और अश्लील होली भी, जिसमें कानफोड़ू संगीत पर फूहड़ डांस होते हैं। हालांकि समाज के संवेदनशील लोगों के बीच बदलते वक्त के साथ हर्बल होली या यूं कहें सूखी होली यानी गीले रंगों के बजाय अबीर-गुलाल वाली होली का प्रचलन बढ़ा है। गुब्बारे मारकर पीठ लाल कर देने की परंपरा भी कम पड़ी है। बावजूद इसके युवाओं का एक तबका बगैर हुड़दंग के होली नहीं मानता। रंग और भांग-शराब का कॉकटेल उन्हें इस कदर मदहोश कर देता है कि छेड़खानी जैसे अपराध ही नहीं करते, बल्कि खुद भी दुर्घटना का शिकार होकर जान तक गंवा बैठते हैं। बहरहाल, होली त्योहार का यह एक पहलू मात्र है।

दूसरा पहलू बहुत दिलचस्प और आकर्षक है, जिसमें पूजा-पाठ, शालीन नृत्य-गीत, पांव छूने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूजे को गले लगाने की परंपरा है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की परंपरागत होली का उदाहरण लें, तो पाएंगे कि यहां होली महज रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सांस्कृतिक पहचान है। पहाड़ों के लोग वास्तव में विरासत में मिली परंपराओं को नई पीढ़ी तक ले जा रहे हैं। खासकर होली के अवसर पर वो चौपाइयां, राग रागिनी और गीत हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति को बयां करते हैं। रंगोत्सव का पहाड़ों पर कुछ अलग रंग रूप में दिखाई देता है। न तो कोई हुड़दंगबाजी और न ही बदरंग करने को पानी की बौछार। यहां पर होलियारों की टोलियां गीत, चौपाइयां और राग रागिनियां गाकर देव स्तुति करतीं हैं तो पूर्वजों की वीरता का गुणगान भी।

उत्तराखंड मे रंगोत्सव लगभग दो माह तक चलता है। वसंत पंचमी से कुमाऊं में होली की शुरुआत हो जाती है, जो बैठकी होली के नाम से प्रचलित है। दरअसल, माना जाता है कि वसंत ऋतु में सूर्य के उत्तरायण होने पर फल-फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु अमृतप्राण हो उठती है। इसलिए होली को मन्वंतरांभ और नवान्नवेष्टि यज्ञ भी करार देते हैं। इसके बाद मंदिरों में होली पर रंग चढ़ाने के साथ ही पूर्णमासी यानी होली के दिन तक खड़ी होली मनती है। इस दौरान रामायण और कृष्णा व राधा से जुड़ी चौपाइयां गूंजती हैं। इन गीतों में प्रेम का संदेश होता है, तो मर्यादाओं की बात भी। पहाड़ी राज्य के राजा-महाराजाओं की वीर गाथाएं गाई जाती हैं, तो अपने पूर्वजों का गुणगान करते हुए प्रेम गीत भी होते हैं। स्वस्थ मौज-मस्ती के रूप में भाभी देवर के रिश्तों पर भी गीत गाकर पौराणिक परंपराओं को प्रकट किया जाता है। शालीन होली पर चर्चा करते हुए यहां युवाओं का भी संदर्भ जोड़ा जाना आवश्यक है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है। होलियारों की टोली घर-घर पहुंचकर गीतों के जरिए इस परंपरा को युवाओं तक भी पहुंचने की कोशिश करती है। होलियारों का ही प्रयास है कि डिजिटल युग में नए परिवेश में पले-बढ़े युवा भी अपनी संस्कृति और परंपराओं को देखें, महसूस करें और समझें। असल में युवाओं के बीच शालीन होली का संदेश इसलिए जाना आवश्यक है, क्योंकि उनमें त्योहार को लेकर उत्साह, उमंग भरपूर होता है। ऐसे में नशा या मिलावटी खानपान उनकी सेहत पर घातक प्रभाव डाल सकता है। खासकर नशा कर वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश है कि रंगोत्सव के त्योहार को दुर्घटना का शिकार होकर अपनी और परिजनों की जिंदगी बर्बाद करने का प्रयास न करें।

इस दिन ऐसे बहुतेरे अस्पताल पहुंच जाते हैं, कई जान भी गंवा देते हैं। कुछ अराजक तत्व इस मौके पर दुश्मनी निकालने की भी फिराक में होते हैं, इसलिए होश खोना ठीक नहीं वरना, जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। इसीलिए पहाड़ों पर मनाई जा रही परंपरागत होली को शहरी क्षेत्र में भी संदेश के रूप में लिया जाना चाहिए। कुछ संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं हैं। इन्हीं संस्थाओं से जुड़ी होलियारों की टोलियों प्रयासरत हैं कि अपनी परंपराओं को बचाने के लिए उन्हें जो विरासत में मिला है, उसे वह आगे की पीढ़ी को भी दें। ताकि यह परंपराएं आगे बढ़ती रहें और इतिहास को जानने के साथ हम अपनी जड़ों से भी जुड़े रह सकें।

हकीकत यह है कि आज जब होली का स्वरूप कई जगह बिगड़ रहा है, राजा-महाराजाओं के समय से लगातार चली आ रही होली, पुरानी परंपराएं और संस्कृति को बचाए हुए है। पहाड़ पर होली का परंपरागत रूप न केवल सुख शांति का प्रतीक है, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ाने का जीवंत उदाहरण है।

> ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है।

## सोशल फोरम

# नमक की कीमत

नमक बड़ी साधारण और सस्ती सी चीज है, लेकिन जीवन के लिए उतनी ही जरूरी भी। इतनी जरूरी की एक बार इसकी कमी की अफवाह ने इसे इतना बिकवाया की ये बाजार से ही गायब हो गया। इस साधारण सी चीज को बनाने का अधिकार भी जब अंग्रेजों ने हम से छीन लिया तो गांधी जी को इसके लिए नमक सत्याग्रह करना पड़ा



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

और खुलेआम नमक बनाकर अंग्रेजों के कानून को धत्ता बताना पड़ा। मुझे याद है बचपन में जब भी नमक लेने दुकान में जाता था, तो दुकानदार एक ठोंगा (लिफाफा) देकर दुकान से बाहर रखे बोरे से खुद ही नमक भरने के लिए कहता था और फिर ठोंगे को अंदाज से ही देखकर वो तीन से दस पैसे तक कीमत ले लिया करता था। उस वक्त नमक थोड़ा मोटा होता था। इस साधारण से नमक को कोई भी दुकानदार दुकान के भीतर नहीं रखता था। रात को भी ये बाहर खुले में ही पड़ा रहता था। मगर मजाल है कि कोई इसे चोरी कर ले।

नमक आज बहुत साधारण प्रतीत होता है, लेकिन कभी ये बहुत दुर्लभ था। इसलिए लोकधारणा थी कि यहां बर्बाद किया गया नमक मृत्यु बाद पलकों से उठाना होगा। आज इतने सस्ते और साधारण से नमक की एक बात बहुत असाधारण है। वो आपको फिल्म शोले का डॉयलाग तो याद होगा? "सरदार मैंने आपका नमक खाया है।" नमक की यही सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार चटा देने के बाद आप उम्मीद करते हैं कि दूसरा इसका हक जरूर अदा करेगा। इस साधारण से नमक की यही असाधारण बात मुझे चुभती रहती है। भाई क्यों हर कोई नमक का हक अदा करने की उम्मीद करता है। माता पिता, भाई बंधु, समाज, संस्थान, देश सभी नमक के हक की बात करते हैं।

नमक खाया है, तो हक जरूर अदा करना चाहिए। कायदे से ये हमारी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन कई बार नमक का हक आपके सिद्धांतों के आड़े आ जाता है। अब यहां सवाल उठता है कि क्या नमक की कीमत सिद्धांतो की कीमत से ज्यादा है? मेरे ख्याल में बिल्कुल नहीं... नमक तो विभीषण ने भी खाया था, लेकिन उसने रामजी का साथ देना पसंद किया? नमक तो विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन पॉल असांजे ने भी खाया था, जिसने सारी दुनिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी? नमक तो मोहम्मद अली ने भी खाया था, जिसने वियतनाम के विरुद्ध युद्ध मे भाग लेने से मनाकर दिया था। बहरहाल इतना कहूंगा कि नमक जीवन के लिए जरूरी है, बहुत कीमती है, लेकिन हमारे सिद्धांतो से ज्यादा कीमती नहीं। –फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई

केंद्रीय जांच एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे उनकी साख प्रभावित होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अब भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर सकी हैं। हाल में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति प्रकरण में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध दायर सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया किसी भी आरोपी के विरुद्ध मामला बनता ही नहीं है। न्यायाधीश ने यहां तक टिप्पणी की कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में बढ़ाई गई, ताकि कमजोर कहानी को विश्वसनीयता का भ्रम दिया जा सके।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति भी की। हालांकि सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, परंतु निचली अदालत की कठोर टिप्पणियां उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी के मामलों में सजा की दर अत्यंत कम बताई जाती है, जिससे अभियोजन की गुणवत्ता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। इस प्रकरण से पूर्व जमानत सुनवाई के दौरान भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी सीबीआई को 'पिंजरे में बंद तोता' की छवि से बाहर आने की सलाह दी थी। यह उपमा पहली बार 2013 में कोयला घोटाले की सुनवाई के समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर. एस. लोढ़ा की पीठ द्वारा दी गई थी। अदालत ने कहा था कि सीबीआई वही दोहराती है, जो उसके मालिक कहते हैं। इस टिप्पणी ने जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया था।

राजनीतिक दलों द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप कोई नई बात नहीं है। सत्ता में रहते हुए दल इन एजेंसियों का उपयोग करते हैं और विपक्ष में आने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। एफडीआई पर संसदीय बहस के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। पूर्व सीबीआई निदेशक उमाशंकर मिश्रा ने स्वीकार किया था कि बड़े राजनीतिक मामलों में जांच प्रतिवेदन को प्रभावित करने का दबाव बनाया जाता है। इसी प्रकार 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व कैग अधिकारी आर. पी. सिंह के बयान ने भी संस्थागत दबाव की चर्चा को बल दिया।

प्रश्न यह भी है कि यदि अधिकारियों पर दबाव पड़ता है, तो वे तत्काल प्रतिरोध क्यों नहीं करते और सेवानिवृत्ति के बाद ही खुलासे क्यों सामने आते हैं? लोकसेवक शपथ लेकर दायित्व निभाते हैं, अतः दबाव में आकर कार्य करना सेवा आचरण संहिता के विपरीत है। यदि संवैधानिक और वैधानिक संस्थाएं स्वयं अपने दायित्वों के प्रति कठोर नहीं होंगी, तो उनकी विश्वसनीयता पर आंच आना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी- रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

-फीचर डेस्क

### वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




### एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
# कम बजट में बड़ा स्पेस






### फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

### इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



### इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और परिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

---

**मॉय फर्स्ट राइड**

## उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

---

**काम की बात**

## होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



---

## सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में भी उनका निवेश 18,791 करोड़ रुपये बढ़ा है। वहीं, हाइब्रिड उपकरणों से उन्होंने 3,896 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियर गुप्ता को प्राकृतिक गैस पारेषण, विपणन और बुनियादी ढांचा विकास का व्यापक अनुभव है। उन्होंने संदीप कुमार गुप्ता का स्थान लिया है, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### आईआईएफसीएल के आईपीओ को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (आईआईएफसीएल) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सरकार से जरूरी मंजूरी मिल गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आईपीओ प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईआईएफसीएल के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक (एमडी) रोहित ऋषि ने बताया कि निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस मंजूरी के बारे में कंपनी को बताया है। आईआईएफसीएल में केंद्र सरकार की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार है। फोटो : एजेंसी

## फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़




रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### शुरू हो चुका व्यापार पर संघर्ष का असर, रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।

राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित




होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है। करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे। ये मार्ग भारत को खाड़ी क्षेत्र, उत्तरी अमेरिका और यूरोप से जोड़ने के लिए जीवन रेखा माने जाते हैं।

## इजराइलः हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षितः अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

## एयरटेल का स्पैम मैसेज रोकने के लिए गूगल से करार

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने गूगल के आरसीएस प्लेटफार्म और स्पैम फिल्टर सुविधाओं के लिए उसके साथ एक करार किया है। कंपनी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एयरटेल के नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग के संयोजन से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं।

वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरैक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्नत सुरक्षा व्यवस्था के जरिये मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी काफी हद तक कम हो जायेगी। कंपनी ने बताया कि डिजिटल इकोसिस्टम के भीतर एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कमी अब भी मौजूद है। जिनका शातिर और संगठित धोखेबाजों द्वारा बढ़ते स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है।

## टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

- एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

## पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

### विस्तार

### यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।''''

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का ज़िक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

# सावधान ! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज, 1 मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' (SIM Binding) नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो। क्या है नया नियम? दूरसंचार विभाग (DoT) के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (TCS) रूल्स, 2024 के तहत




अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार OTP के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है। इन ऐप्स पर पड़ेगा असर यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

● पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।



## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

# होर्मुज जलडमरूमध्य



होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।

### कच्चे तेल का अहम रास्ता

● होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

● भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।

● आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।

● पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।

● ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।

● प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

● **पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।**

● **रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।**

● **नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।**

● **कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

● पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

पुडुचेरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा

कूच बिहार, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।



### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

● परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवादियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

● श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला** — आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृष** — आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**कर्क** — आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** — आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**सिंह** — आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**मीन** — आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

● बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीजिंग, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

**भारतीय संगीत परंपरा** | उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव

# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

● भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।



### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17 .55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेशा 19 .51 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

### सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |



मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
–प्रतिका रावल



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर जीती सीरीज

**सेडन पार्क।** न्यूजीलैंड ने रविवार को सेडन पार्क में जिम्बाब्वे के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए, हैमिल्टन में अपने विरोधियों को 10 विकेट से हराकर महिला सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। नेन्सी पटेल (8 रन देकर 3 विकेट) और जेस केर (6 रन देकर 2 विकेट) ने जिम्बाब्वे को सिर्फ़ 64 रन पर रोक दिया, यह टारगेट न्यूज़ीलैंड ने 5 .4 ओवर में हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का ज़िम्बाब्वे का फ़ैसला बहुत बुरा साबित हुआ। उनकी पारी पावरप्ले में ही बिखर गई, और एक डिसिप्लिन्ड अटैक ने उन्हें बुरी तरह हरा दिया। जेस केर ने तीसरे ओवर में केलिस नधलोवू को आउट करके पहला विकेट लिया। अगली ही गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा रन आउट हो गयी, जो एक ऐसी बड़ी गलती थी जिससे पता चलता है कि टीम पहले से ही परेशान थी।

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं।

### जयसूर्या छोड़ेंगे मुख्य कोच का पद

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने कहा मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा।



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

# वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## टी-20 विश्व कप : संजू सैमसन ने खेली 97 रनों की पारी, फाइनल के लिए इंग्लैंड से होगा मुकाबला

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के खिलाफ 'क्वार्टर फाइनल' की तरह खेले जा रहे टी-20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन की 97 रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाए। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाये। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिये।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाये। इसके बाद होप ने हार्दिक पंड्या को मिडविकेट पर छक्का लगाया। अक्षर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत का क्षेत्ररक्षण ढीला था। चेस को जीवनदान भी मिला जब वरूण चक्रवर्ती ने गलत छोर पर थ्रो फेंककर रनआउट का मौका गंवा दिया।

इसके बाद अभिषेक शर्मा ने कवर पर उनका आसान कैच छोड़ा जब वह 14 रन पर थे। वरुण को नौवें ओवर में गेंद सौंपी गई जिन्होंने होप को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शिमरोन हेटमायेर ने आते ही पंड्या को छक्का लगाया और उस ओवर में 13 रन बने। इसके बाद उन्होंने वरुण को चौका और छक्का जड़ा। बुमराह ने 12वें ओवर में हेटमायेर और चेस को आउट किया। हेटमायेर ने 12 गेंद में 24 और चेस ने 25 गेंद में 40 रन बनाए।




एक-दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरूण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0
बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

**02** विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जसप्रीत बुमराह

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।



शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका



जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स(24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

गेंदबाजी : लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

गेंदबाजी : रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3 .5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

### टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा




**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।